www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

● साल-1 ● अंक-42 ● पृष्ठ-8 ● मूल्य-01 रूपये ● वीरवार 17 अक्टूबर 2025 ● पंजाब ● हरियाणा ● हिमाचल ● चंडीगढ़ ● ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

# डीआईजी हरचरण भुल्लर रिश्वत मामले में गिरफ्तार

सीबीआई ने कारोबारी से 5 लाख लेते दबोचा, घर से मिली डायरी में हर महीने की रकम का रिकॉर्ड

**हरजीत मठारू। मोहाली**

पंजाब पुलिस विभाग में गुरुवार दोपहर बड़ा भूचाल तब आया, जब सीबीआई ने रोपड़ रेंज के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार, भुल्लर को मोहाली में 5 लाख रुपये की पहली किस्त लेते समय ट्रैप कर पकड़ा गया। यह रिश्वत मंडी गोबिंदगढ़ के एक स्क्रैप कारोबारी से जुड़े विवाद के निपटारे के नाम पर ली जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने उन्हें पंचकूला ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी है।



डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर

**सीबीआई की कार्रवाई-मोहाली से चंडीगढ़ तक छापेमारी**

गिरफ्तारी के तुरंत बाद सीबीआई की टीम ने चंडीगढ़ सेक्टर-40 स्थित डीआईजी भुल्लर के घर पर छापा मारा। सूत्रों ने बताया कि घर से एक डायरी बरामद हुई, जिसमें हर महीने मिलने वाली कथित रकम का ब्योरा दर्ज था। भुल्लर पिछले कई दिनों से सीबीआई की निगरानी में थे, और गुरुवार को तय योजना के तहत ट्रैप ऑपरेशन को अंजाम दिया गया।

**शिकायत से गिरफ्तारी तक**

एक स्क्रैप कारोबारी ने डीआईजी पर हर महीने 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। सीबीआई ने शिकायत की पुष्टि के बाद जाल बिछाया और पहली किस्त लेते समय डीआईजी भुल्लर और एक बिचौलिए को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी ने सुनिश्चित किया कि इस अभियान में किसी भी पंजाब पुलिस अधिकारी को शामिल न किया जाए, ताकि कार्रवाई की स्वतंत्रता और गोपनीयता बनी रहे।

**पंजाब पुलिस में मचा हड़कंप**

भुल्लर की गिरफ्तारी के बाद रोपड़, मोहाली और फतेहगढ़ साहिब जिलों में हड़कंप मच गया है। पुलिस महकमे के कई अफसरों को भरोसा ही नहीं हुआ कि 2007 बैच के अधिकारी और पूर्व डीजीपी के बेटे इस तरह के मामले में पकड़े जाएंगे। एक और जहां सरकार ने खुद भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान छेड़ रखा है, वहीं इतने बड़े अधिकारी का इस मामले में गिरफ्तार होना, पुलिस की कार्यप्रणाली पर संदेह खड़ा कर रहा है। सीबीआई अब उनकी संपत्ति और डायरी में दर्ज लेन-देन की भी जांच करेगी।

**जानिए कौन हैं हरचरण सिंह भुल्लर**

2007 बैच के आईपीएस अधिकारी, वर्तमान में रोपड़ रेंज डीआईजी।

पहले पटियाला रेंज डीआईजी और विजिलेंस ब्यूरो में ज्वाइंट डायरेक्टर रहे। पंजाब पुलिस सर्विस से प्रमोट होकर आईपीएस बने। पूर्व पंजाब डीजीपी महल सिंह भुल्लर के बेटे हैं। नशे के विरुद्ध युद्ध अभियान इनकी सक्रिय भूमिका रही। बिक्रम सिंह मजीठिया ड्रग केस की जांच करने वाली एसआईटी के प्रमुख भी रहे।

**आगे की कार्रवाई**

सीबीआई ने भुल्लर को गिरफ्तार कर पंचकूला सीबीआई कोर्ट में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है। एजेंसी जल्द ही इस मामले में औपचारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकती है।





भुल्लर के घर से कैश-गहने बरामद

# गांव जुलाना में एएसआई संदीप लाठर को बेटे ने दी मुखाग्नि



एएसआई संदीप लाठर की अंतिम यात्रा, एएसआई की फाइल फोटो

## अंतिम यात्रा में चार मंत्री और डीजीपी रहे मौजूद

**समर न्यूज। जींद, रोहतक**

हरियाणा पुलिस के साइबर सेल में तैनात एएसआई संदीप लाठर को गुरुवार को उनके पैतृक गांव जुलाना (जींद) में नम आंखों के साथ अंतिम विदाई दी गई। बेटे रिहान ने उन्हें मुखाग्नि दी, तो पूरे गांव में गमगीन माहौल छा गया। अंतिम संस्कार में हरियाणा सरकार के चार मंत्री, कार्यवाहक डीजीपी, विधानसभा उपाध्यक्ष, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, अभय चौटाला सहित कई राजनीतिक दलों के नेता और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जुलाना की विधायक विनेश फोगाट भी परिवार से मिलने पहुंचीं और संवेदनाएं प्रकट कीं।

**खट्टर का आश्वासनः**

पत्नी को नौकरी, बच्चों की शिक्षा का जिम्मा सरकार का पोस्टमॉर्टम के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी रोहतक पीजीआई पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी और भरोसा दिलाया कि संदीप की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाएगी, साथ ही सरकार बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्च वहन करेगी। खट्टर ने कहा कि वह इस संबंध में मुख्यमंत्री नायब सैनी से चर्चा करेंगे, ताकि परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक और प्रशासनिक सहायता मिल सके। उन्होंने अपील की कि इस मामले को राजनीतिक रंग न दिया जाए और न्याय कानूनी प्रक्रिया के तहत सुनिश्चित होगा।

### आत्महत्या से पहले भेजा वीडियो, फिर बंद कर दिए सभी कॉल

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि संदीप लाठर ने मंगलवार सुबह 10 बजे के बाद किसी का भी कॉल रिसीव नहीं किया था। सहकर्मियों को जब शक हुआ, तो उन्होंने संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

इस बीच, संदीप ने एक वीडियो मैसेज रिकॉर्ड कर साइबर सेल के इंचार्ज एएसआई अमित को भेजा था। वीडियो मिलने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और साइबर टीम ने तुरंत मोबाइल लोकेशन ट्रेस की। करीब दोपहर डेढ़ बजे उसकी लोकेशन लाढ़ौत-धामड़ रोड के पास मिली, जहां से बाद में संदीप का शव और सर्विस पिस्टल बरामद हुई।

**पत्नी करती रही कॉल, किसी ने नहीं दी बुरी खबर**

संदीप के फोन रिकॉर्ड से पता चला कि उनकी पत्नी देर शाम तक बार-बार कॉल करती रही, लेकिन किसी में भी घटना की जानकारी देने की हिम्मत नहीं थी। परिजनों ने बताया कि जब घटना घटी, तब पत्नी जुलाना स्थित पैतृक घर में थी।

शाम को उसे केवल यह कहा गया कि संदीप का एक्सीडेंट हुआ है, ताकि उसे अचानक सदमा न लगे।



## न्यूज ब्रीफ

### चांदी में दूसरे दिन में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** सोने में लगातार 15वें दिन तेजी जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम आज (16 अक्टूबर) 533 रुपए बढ़कर 1,27,247 के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया है। कल ये 1,26,714 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत में लगातार 20 दिन तेजी के बाद आज दूसरे दिन गिरावट है। गुरुवार को चांदी 3,150 रुपए घटकर 1,70,850 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। कल चांदी 1,74,000 रुपए प्रति किलो थी। ऐसे में चांदी दो दिन में 7,250 रुपए सस्ती हुई है।

### एचपीएससी परीक्षा का शेड्यूल जारी

**पंचकूला।** हरियाणा लोक सेवा आयोग 3 से 8 नवंबर तक कई बड़ी परीक्षाएं कराएगा। मधुबन में फोरेंसिक साइंस लैब के असिस्टेंट डायरेक्टर और सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर के पदों के लिए भर्ती परीक्षा होगी। आयोग ने स्क्रीनिंग टेस्ट को लेकर डेट तय कर दी हैं। आयोग के अनुसार असिस्टेंट डायरेक्टर की 3 नवंबर को परीक्षा होगी। असिस्टेंट डायरेक्टर और सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर पदों के लिए 6 नवंबर को परीक्षा होगी। सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर पदों के लिए 7 नवंबर को परीक्षा कराई जाएगी। असिस्टेंट डायरेक्टर/सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर पदों के लिए 8 नवंबर को परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### पुल से गिरी वैन, 10 छात्र घायल

**भंडारा।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में स्कूल से छात्रों के घर ले जा रही एक वैन पुल से नीचे गिर गई, जिस कारण 10 छात्र घायल हो गए। घटना तब हुई जब ड्राइवर सड़क पर बने गड्ढों से बचने की कोशिश कर रहा था। यह घटना भंडारा जिले के सुरेवाड़ा में तब हुई, जब बच्चे गड्ढों से भरी सड़क से स्कूल से घर लौट रहे थे। ड्राइवर ने गड्ढों से बचने की कोशिश की, लेकिन वैन एक नीची पुल से नीचे गिर गई। बच्चों को चोटें आईं और उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया।

### Citizen Reporter

अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 81468-77702 या ईमेल **infosummerexpress@gmail.com** पर भेजें।

# कुख्यात लुटेरी दुल्हन गुरुग्राम में दबोची

**परिवार के साथ मिलकर चलाती थी फर्जी विवाह गिरोह**

**समर न्यूज/गुरुग्राम**

राजस्थान की चर्चित 'लुटेरी दुल्हन' काजल आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गई। गुरुग्राम के सरस्वती इन्क्लेव इलाके से उसे गिरफ्तार किया गया। काजल पिछले एक वर्ष से लगातार ठिकाने बदलते हुए पुलिस से बचती फिर रही थी। सीकर पुलिस ने मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल और तकनीकी निगरानी के जरिए उसका पता लगाया।

पुलिस के मुताबिक, काजल गुरुग्राम की गली नंबर दो में अंकित नाम के व्यक्ति के मकान में किराये पर रह रही थी, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ शादी का झांसा देकर ठगी करने के कई मामले दर्ज हैं।

राजस्थान से हरियाणा तक फैली ठगी की कहानी काजल पर आरोप है कि वह अपने परिवार के साथ मिलकर शादी योग्य युवकों को झांसे में लेकर उनसे लाखों रुपये ठगती थी।

2024 में सीकर जिले के दांतारामगढ़ थाने में ताराचंद जाट नामक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि भगत सिंह नामक व्यक्ति ने उसके दोनों बेटों की शादी अपनी बेटियों काजल और तमन्ना से कराने के नाम पर 11 लाख रुपये लिए थे। 21 मई 2024 को खाचरियावास के एक गेस्ट हाउस में दोनों की शादी कराई गई, लेकिन शादी के तीसरे दिन ही दोनों दुल्हनें नकदी, गहने और कपड़े लेकर फरार हो गईं। इसके बाद परिवार के सभी सदस्य मोबाइल बंद कर लापता हो गए। गिरोह का मास्टरमाइंड था काजल का पिता जांच अधिकारी पूरणमल के अनुसार, भगत सिंह ने एक संगठित गिरोह बनाया था जो ग्रामीण इलाकों में शादी के इच्छुक परिवारों की तलाश कर उनसे संपर्क करता था।

फर्जी पहचान बनाकर रिश्ता तय किया जाता, और शादी के कुछ दिन बाद दुल्हनें गायब हो जातीं। काजल के पिता भगत सिंह, मां सरोज देवी, बहन तमन्ना और भाई सूरज पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। सभी मूल रूप से मथुरा (उत्तर प्रदेश) के गोवर्धन क्षेत्र के निवासी हैं, लेकिन राजस्थान के सीकर, जयपुर, झुंझुनूं और नागौर जिलों में कई फर्जी विवाह और ठगी के मामलों में नामजद हैं।

तीन राज्यों में फैला नेटवर्क पुलिस की जांच में सामने आया है कि यह गिरोह राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में सक्रिय था। अब पुलिस काजल से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस नेटवर्क के तार और किन राज्यों या एजेंटों से जुड़े हुए हैं। प्रारंभिक जांच में अब तक एक दर्जन से अधिक युवकों से लाखों रुपये की ठगी की बात सामने आई है। राजस्थान में पिछले दो वर्षों में 'लुटेरी दुल्हन' गैंग के कई मामले सामने आए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस नेटवर्क में दलालों और शादी-ब्याह कराने वाले एजेंटों की भी अहम भूमिका होती है।

# गुजरात मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल, सभी मंत्रियों ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी। गांधीनगर**

दीपावली से ठीक पहले गुजरात की राजनीति में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में मौजूदा मंत्रिमंडल ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार रात मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर सभी मंत्रियों की बैठक बुलाई, जिसके बाद इस्तीफे सौंपे गए। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार 17 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में नई कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह होगा। इस मौके पर भाजपा के केंद्रीय नेता अमित शाह और जेपी नड्डा भी मौजूद रहेंगे। वर्तमान कैबिनेट में मुख्यमंत्री पटेल समेत कुल 17 मंत्री हैं, जिनमें 8 कैबिनेट रैंक और 8 राज्य मंत्री शामिल हैं। बताया जा रहा है कि 16 में से 7 से 10 मंत्रियों को बदला जा सकता है, जबकि कुछ वरिष्ठ चेहरों को दोबारा मौका मिल सकता है। पार्टी ने सभी विधायकों और मंत्रियों को अगले दो दिन गांधीनगर में रहने के निर्देश दिए हैं। जिन विधायकों को नए मंत्रिमंडल में शामिल किया जाना है, उन्हें व्यक्तिगत रूप से सूचना दी जा चुकी है।

**संभावित नए मंत्रीः** सूत्रों के अनुसार, भाजपा में शामिल हुए अर्जुन मोढवाड़िया, अल्पेश ठाकोर, सी.जे. चावड़ा और हार्दिक पटेल को इस बार मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है।

# भारत तेल नहीं लेगा रूस सेः ट्रंप, भारत ने दावा किया ख़ारिज

**एजेंसी | वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने का आश्वासन दिया है। गुरुवार को व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा "प्रधानमंत्री मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमारे बीच बेहद मजबूत संबंध हैं। भारत के रूस से तेल खरीदने पर मुझे खुशी नहीं थी, लेकिन आज उन्होंने मुझे भरोसा दिया है कि अब भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा। अब हमें चीन से भी यही करवाना होगा। भारत ने इस दावे को ख़ारिज कर दिया है।



गौरतलब है कि अमेरिका ने अगस्त 2025 में भारत पर रूस से तेल आयात जारी रखने के कारण 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाया था। इससे पहले 'जैसे को तैसा' नीति के तहत भी 25% शुल्क लगाया गया था, जिससे भारत पर कुल आयात शुल्क 50% तक बढ़ गया है।

**राहुल गांधी का तंजः** "मोदी डर गए हैं, ट्रम्प के इस बयान के बाद भारत में विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा "प्रधानमंत्री मोदी ट्रम्प के आगे झुक गए हैं। ट्रम्प यह घोषणा करते हैं कि भारत रूसी तेल नहीं खरीदेगा, और मोदी जी चुप रहते हैं। बार-बार अनदेखी के बावजूद वे उन्हें बधाई संदेश भेजते रहते हैं। राहुल ने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अमेरिका यात्रा रद्द कर दी और स्वयं प्रधानमंत्री ने मिस्र के शर्म अल-शेख समिट में हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर ट्रम्प के बयानों का भारत ने औपचारिक विरोध तक नहीं किया।

**ट्रम्प का मज़ाकिया अंदाज़ः** "मोदी मुझसे प्यार करते हैं" प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए ट्रम्प ने कहा कि हाल ही में भारत में अमेरिकी राजदूत बनने जा रहे सर्जियो गोर और प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात हुई थी। ट्रम्प के अनुसार "सर्जियो ने मुझसे कहा कि मोदी मुझसे प्यार करते हैं। लेकिन मैं चाहूंगा कि इस 'प्यार' शब्द का गलत मतलब न निकाला जाए, मैं किसी का राजनीतिक करियर खतरे में नहीं डालना चाहता।

# 'घोस्ट टाउन विज़िटर' के नाम वाइल्डलाइफ़ फ़ोटोग्राफ़र ऑफ़ द ईयर का ख़िताब

सम्मान: वीरान हीरा-खनन बस्ती में भूरे लकड़बग्घे की अनोखी तस्वीर ने जीता दिल, ये है दस साल की मेहनत का नतीजा

**एजेंसी। लंदन**

क्षिण अफ़्रीका के फ़ोटोग्राफ़र विम वैन डेन हीवर को प्रतिष्ठित वाइल्डलाइफ़ फ़ोटोग्राफ़र ऑफ़ द ईयर 2025 का ख़िताब मिला है। उनकी विजेता तस्वीर 'घोस्ट टाउन विज़िटर' में एक भूरे रंग का लकड़बग्घा नामीबिया के वीरान हीरा-खनन कस्बे कोल्मन्सकॉप के टूटे-फूटे ढांचों के बीच खड़ा दिखाई देता है। यह तस्वीर एक साथ रहस्य, वीरानी और जंगली जीवन की अद्भुत जिजीविषा को बयां करती है।

हीवर ने बताया कि इस एक परफ़ेक्ट शॉट को पाने में उन्हें पूरे दस साल लगे। उन्होंने कैमरा उस समय सेट किया, जब अटलांटिक महासागर से उठती घनी धुंध ने पूरे इलाके को घेर रखा था। यह वही वक़्त था, जब रात्रिचर हाइना अपने एकाकी सफ़र पर निकला था।

यह प्रजाति के हाइना आमतौर पर अकेले रहते हैं और केवल रात में निकलते हैं। इन्हें नामीबिया के तटीय रेत के टीलों के आसपास देखा जाता है।

विजेता तस्वीर को लंदन के नेचुरल हिस्ट्री म्यूज़ियम में प्रदर्शित किया जाएगा, जहां यह 17 अक्तूबर 2025 से 12 जुलाई 2026 तक आम जनता के लिए देखी जा सकेगी।

**पिछले की विजेताः द गोल्डन टारेंट्युला**

2024 में यह ख़िताब फ्रांस की फ़ोटोग्राफ़र लॉरेन्स सॉल को उनकी तस्वीर 'द गोल्डन



टारेंट्युला' के लिए मिला था, जिसमें एक दुर्लभ सुनहरी मकड़ी को अमेज़न वर्षावन की धूप में चमकते हुए दिखाया गया था।

**दिलचस्प तथ्यः**

वाइल्डलाइफ़ फ़ोटोग्राफ़र ऑफ़ द ईयर पुरस्कार की शुरुआत 1965 में हुई थी, और यह हर साल लगभग 95 देशों से आए 50,000 से अधिक प्रविष्टियों में से चुना जाता है। यह प्रतियोगिता अब प्राकृतिक फोटोग्राफी की दुनिया का 'ऑस्कर' मानी जाती है।



# श्री गुरु तेग बहादर जी के शहीदी दिवस को समर्पित पंजाब सरकार के समारोहों का शुभारंभ नई दिल्ली से होगा

**» मुख्यमंत्री और सभी कैबिनेट मंत्री 25 अक्टूबर को गुरुद्वारा सीस गंज साहिब में माथा टेकेंगे » देश-विदेश में बसे श्रद्धालुओं से कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील**

**» 24 नवम्बर को श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होगी पंजाब विधानसभा की विशेष बैठक**

**समर न्यूज़। नई दिल्ली/ चंडीगढ़**

नवम पातशाह श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार द्वारा आयोजित समारोहों की श्रृंखला का शुभारंभ 25 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा सीस गंज साहिब में अरदास के साथ किया जाएगा। आज यहां पंजाब भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस, पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों की मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद और विभाग के सलाहकार दीपक बाली ने बताया कि पंजाब सरकार ने इस अवसर पर एक माह तक चलने वाले आयोजनों की रूपरेखा तैयार कर ली है। उन्होंने कहा कि समारोहों की शुरुआत 25 अक्टूबर को दिल्ली स्थित गुरुद्वारा सीस गंज साहिब से होगी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, सभी कैबिनेट मंत्री और अन्य विशिष्ट हस्तियां गुरुद्वारे में माथा टेकेंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी के शहीदी स्थलों पर जाकर श्रद्धा और सम्मान अर्पित करेंगे—इन तीनों ने गुरु साहिब के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा और निष्ठा दिखाते हुए अप्रतिम बलिदान दिया था। उन्होंने बताया कि उसी दिन शाम को गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में विशाल कीर्तन दरबार आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में संगत श्रद्धाभाव से हाज़िरी लगाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में "हिंद की चादर" श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी ने मानव अधिकारों की रक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए जो बलिदान दिया, उसकी मिसाल विश्व इतिहास में कहीं नहीं मिलती। नवम पातशाह सांझीवालता और धर्मनिरपेक्षता के प्रतीक थे, और उनका महान जीवन व दर्शन सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रकाश स्तंभ है। मंत्रियों ने बताया कि 1 नवम्बर से 18 नवम्बर तक पंजाब के सभी जिलों में "लाइट एंड साउंड शो" आयोजित किए जाएंगे, जिनमें गुरु तेग बहादर जी के जीवन और दर्शन को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही, गुरु साहिब के पावन चरणों से जुड़े नगरों में कीर्तन दरबार भी होंगे। इन समारोहों का उद्देश्य गुरु साहिब के जीवन, उनके दर्शन और मानवता के लिए दिए गए महान बलिदान के बारे में लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि 18 नवम्बर को श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में कीर्तन दरबार आयोजित किया जाएगा। अगले दिन 19 नवम्बर को श्रीनगर से नगर कीर्तन आरंभ होगा, जिसमें सैकड़ों कश्मीरी पंडित भी संगत के साथ शामिल होंगे। यह नगर कीर्तन 19 नवम्बर को जम्मू, 20 नवम्बर को पठानकोट और 21 नवम्बर को होशियारपुर में




विश्राम करेगा तथा 22 नवम्बर को श्री आनंदपुर साहिब में संपन्न होगा। इसी अवधि में 20 नवम्बर को तख्त श्री दमदमा साहिब (तलवंडी साबो), फरीदकोट और गुरदासपुर से तीन नगर कीर्तन निकाले जाएंगे, जो 22 नवम्बर को श्री आनंदपुर साहिब में मिलेंगे। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर पंजाब सरकार 23 से 25 नवम्बर तक श्री आनंदपुर साहिब में भव्य समारोह आयोजित करेगी। श्रद्धालुओं के ठहराव हेतु 'चक्क नानकी' नामक टेंट सिटी बनाई जाएगी, जिसमें प्रतिदिन 15,000 श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था होगी। इस पवित्र नगरी में सर्व धर्म सम्मेलन, प्रदर्शनी और ड्रोन शो भी आयोजित किए जाएंगे, जो गुरु साहिब के जीवन और दर्शन को उजागर करेंगे। 24 नवम्बर को श्री गुरु तेग बहादर जी के शहीदी दिवस को समर्पित पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होगा, जिसमें गुरु साहिब के जीवन, दर्शन, मानवाधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए उनके बलिदान पर विचार साझा किए जाएंगे। 25 अक्टूबर को गुरुद्वारा सीस गंज साहिब से आरंभ हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन 25 नवम्बर को श्री आनंदपुर साहिब में होगा। उसी दिन राज्य स्तर पर रक्तदान शिविर और वन विभाग द्वारा पौधारोपण अभियान के साथ "सर्वत्र कल्याण एकता" कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। इन समारोहों में भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों और विभिन्न देशों के राजदूतों सहित अनेक गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजाब के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के लगभग 70 लाख विद्यार्थियों को प्रतिदिन कुछ समय गुरु साहिब के जीवन, दर्शन और बलिदान के बारे में बताया जाएगा। मंत्रियों ने आगे कहा कि 350वें शहीदी दिवस को श्रद्धा और आदरपूर्वक मनाने के लिए विश्वभर के संत समाज से आशीर्वाद और सुझाव प्राप्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार अपने आप को सौभाग्यशाली मानती है कि उसके कार्यकाल में यह ऐतिहासिक अवसर आया है। उन्होंने देश-विदेश में बसे सभी श्रद्धालुओं से इन आयोजनों में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस का प्रतीक-चिह्न (लोगो) भी जारी किया गया। इस मौके पर दिल्ली के तिलक नगर क्षेत्र के विधायक जरनैल सिंह और पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के सचिव अभिनव त्रिखा उपस्थित थे।

## सरकारी स्कूलों को स्मार्ट पैनल से सुसज्जित किया जाएगा

**समर न्यूज़। चंडीगढ़**



पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने आज बताया कि राज्य की शिक्षा प्रणाली को आधुनिक डिजिटल युग के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से पंजाब सरकार राज्य के सरकारी स्कूलों में 98 करोड़ रुपये की लागत से 8230 से अधिक अत्याधुनिक इंटरएक्टिव फ्लैट पैनलस्थापित करेगी। इसका उद्देश्य कक्षाओं में शैक्षिक गतिविधियों को और अधिक रोचक बनाना, अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझाना तथा सीखने के परिणामों में सुधार लाना है। हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि राज्य के 3,600 सरकारी स्कूलों में अत्याधुनिक इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक यह पहल लाखों विद्यार्थियों के लिए शिक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव लाएगी और पारंपरिक शिक्षण पद्धति की जगह गतिशील, इंटरएक्टिव डिजिटल कक्षाएं पेश करेगी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए श्री बैंस ने कहा, ''यह पंजाब के हर बच्चे को समान, विश्वस्तरीय शिक्षा सुनिश्चित कर डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में एक अहम कदम है। हम अपने शिक्षकों को सशक्त बना रहे हैं और विद्यार्थियों को भविष्य के शोधकर्ता और नेता बनने के लिए तैयार कर रहे हैं। यह निवेश एक भविष्य के लिए तैयार पंजाब के निर्माण के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जहां दूरदराज़ के स्कूलों के बच्चों को भी शहरी स्कूलों जैसी आधुनिक शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।'' शिक्षा मंत्री ने इस डिजिटल पहल के गहरे प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी, उनकी सहभागिता में वृद्धि होगी, तथा सीखने के परिणाम और बेहतर होंगे। साथ ही यह पहल शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों और अधिक प्रभावी कक्षाओं के माध्यम से सशक्त बनाएगी। इस योजना का प्रमुख लक्ष्य विद्यार्थियों को 21वीं सदी में बुलंदियां हासिल करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करना है। यह कदम राज्य में भविष्य की शिक्षा प्रणाली लागू करने के प्रति पंजाब सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है। हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि कक्षाओं को 75-इंच मल्टी-टच, हाई-डेफिनिशन स्मार्ट पैनलों से सुसज्जित किया जाएगा, जिनमें एकीकृत कंप्यूटिंग, बिल्ट-इन स्पीकर, स्टाइलस सपोर्ट और प्री-लोडेड इंटरएक्टिव लर्निंग टूल्स शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत सपोर्ट सिस्टम स्थापित किया गया है, जिसमें 5 वर्ष की व्यापक ऑन-साइट वारंटी, स्थानीय सेवा केंद्रों का विस्तृत नेटवर्क और एक कुशल निगरानी प्रणाली शामिल है।

## विजीलेंस ब्यूरो ने वसीका नवीस को 30,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया काबू

**समर न्यूज़। चंडीगढ़**



राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी मुहिम को लगातार जारी रखते हुए, पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने पठानकोट के तहसील कॉम्प्लेक्स में काम कर रहे एक वसीका नवीस (डीड राइटर) दीपक कुमार को 30,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। विजीलेंस ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को पठानकोट जिले के गांव बंगोल के एक निवासी की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया कि जमीन खरीदने के बाद वह अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री करवाने के लिए उक्त वसीका नवीस से मिला। शिकायतकर्ता ने रजिस्ट्री की आवश्यक फीस वसीका नवीस को ट्रांसफर कर दी, जिसके बाद उसने रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी करवा दी। लेकिन बाद में आरोपी ने 30,000 रुपये की रिश्वत की मांग यह कहते हुए की कि तहसीलदार असली रजिस्ट्री के दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर तभी करेंगे जब रिश्वत की रकम दी जाएगी। शिकायत की पुष्टि के बाद, अमृतसर रेंज की विजीलेंस ब्यूरो टीम ने जाल बिछाया और दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 30,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए वसीका नवीस को रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत विजीलेंस ब्यूरो थाना अमृतसर रेंज में मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

## पंजाब पुलिस ने 95 नशा तस्करों को हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**समर न्यूज़। चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशे के खात्मे के लिए शुरू की गई मुहिम 'युद्ध नशों विरूद्ध' के लगातार 229वें दिन 427 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान पूरे राज्य में 95 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर 82 एफआईआर दर्ज की गईं। इसके साथ ही, पिछले 229 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 33,219 हो गई है। छापों के दौरान गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से 3.4 किलोग्राम हेरोइन, 7.5 किलोग्राम भुक्की, 878 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 9,210 रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने नशों के खिलाफ अभियान की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है। 74 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1,200 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से ज्यादा पुलिस टीमों ने राज्यभर में 427 स्थानों पर छापेमारी की। पुलिस टीमों ने पूरे दिन चले इस ऑपरेशन के दौरान 469 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। राज्य सरकार ने नशे के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - प्रवर्तन, नशा मुक्ति और रोकथाम - लागू की है।

## 350वें शहीदी समारोहों में शामिल होने के लिए पंजाब के मंत्रियों ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को दिया निमंत्रण

**» बेंगलुरु स्थित मुख्यमंत्री निवास पर कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. और बरिंदर कुमार गोयल ने की मुलाकात**

**समर न्यूज़। चंडीगढ़/बेंगलुरु**



पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. और जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज बेंगलुरु में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मुलाकात कर अगले महीने श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी समारोहों में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को "हिंद की चादर" श्री गुरु तेग बहादर जी की अद्वितीय शहादत को समर्पित धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री को श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले पावन समापन समारोहों में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हुए इस ऐतिहासिक अवसर पर देशभर में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों का विवरण भी साझा किया। कार्यक्रमों की रूपरेखा बताते हुए कैबिनेट मंत्रियों ने कहा कि स्मृति समारोह 25 अक्टूबर को दिल्ली स्थित गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब में अरदास के साथ आरंभ होंगे और उसी शाम गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार 1 से 18 नवंबर तक सभी 23 जिलों में गुरु साहिब के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित लाइट एंड साउंड शो आयोजित करेगी, जबकि गुरु साहिब की चरण छोह प्राप्त 130 स्थलों पर कीर्तन दरबार और धार्मिक कार्यक्रम होंगे। मंत्रियों ने बताया कि चार नगर कीर्तन विभिन्न स्थानों — श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) और पंजाब के गुरदासपुर, फरीदकोट तथा तख्त श्री दमदमा साहिब — से प्रारंभ होंगे और सभी नगर कीर्तन 22 नवंबर की शाम श्री आनंदपुर साहिब में एकत्र होंगे। मुख्य शहीदी समारोह 23 से 25 नवंबर तक आयोजित होंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए "टेंट सिटी" (चक्क नानकी) बनाई जाएगी, जिसमें प्रतिदिन 11,000 से अधिक लोगों के ठहरने की व्यवस्था होगी। समारोहों के दौरान श्री अखंड पाठ साहिब, सर्व धर्म सम्मेलन, भाई जैता जी स्मारक में पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र, श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के जीवन पर आधारित ड्रोन शो तथा प्रसिद्ध रागियों के कीर्तन दरबार शामिल होंगे। मंत्रियों ने बताया कि आध्यात्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ कई सामाजिक कल्याण पहलें भी की जाएंगी, जैसे रक्तदान शिविर, अंगदान अभियान और 3.5 लाख पौधे लगाने का विशाल अभियान। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादर जी की शिक्षाएँ आने वाली पीढ़ियों को समानता, सहिष्णुता और आत्म-बलिदान का संदेश देती रहेंगी। उन्होंने इतने बड़े स्तर पर स्मृति समारोह आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की प्रशंसा की और समारोहों की सफलता के लिए पूर्ण सहयोग एवं समर्थन का आश्वासन दिया।

## स्पीकर द्वारा महान योद्धा बाबा बंदा सिंह बहादुर को उनके जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**समर न्यूज़। चंडीगढ़**

पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री कुलतार सिंह संधवां ने बाबा बंदा सिंह बहादुर जी के 355वें जन्म दिवस के अवसर पर पंजाब विधानसभा सचिवालय में उन्हें श्रद्धा के फूल अर्पित किए। इस अवसर पर विधायक राणा इंदर प्रताप सिंह, विधायक फौजा सिंह सरारी, पंजाब विधानसभा के सचिव राम लोक खटाना और अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर जी एक महान योद्धा थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन मानवता की भलाई के लिए समर्पित कर दिया। बाबा बंदा सिंह बहादुर जी पंजाब में पहले सिख राज्य के संस्थापक थे, जिन्होंने जमींदारी प्रथा को समाप्त किया और भूमि जोतने वालों को मालिकाना हक प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर जी की यादें हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगी और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए।

## कपूरथला में अन क्लेमड एसेट्स के तवरित निपटान हेतु जन जागरण शिविर

**समर न्यूज़। कपूरथला**

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति पंजाब के नेत्रत्व में पंजाब के कपूरथला जिले में विशाल शिविर का आयोजन किया गया। पंजाब नेशनल बैंक के उप महाप्रबंधक रामकिशोर मीना द्वारा बताया गया कि अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा सभी वित्तीय संस्थाओ से संपर्क करते हुए भारत सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा निर्देशानुसार एक विशाल शिविर का आयोजन किया जिसमे बैंक, बीमा ,पेंशन एवं म्युचुअल फंड विभागों के शीर्ष अधिकारियो द्वारा भाग लिया गया। उन्होंने आगे बताया की बैंक में जमा राशि को यदि 10 वर्ष तक भी प्राप्त नहीं किया गया हो तो जमा राशि भारतीय रिज़र्व बैंक को चली जाती है। इस दावा रहित पुरानी जमा राशि, म्युचुअल फंड, बीमा राशि, को कैसे प्राप्त किया जा सकता, इसकी विस्तृत जानकारी दी गयी। इस तरह के जागरूकता शिविर सभी राज्यों में लगाये जा रहे है ताकि पुरानी दावा रहित जमा राशी को वापस उसके असली मालिक को या नामित व्यक्ति को या कानूनन उतराधिकारी उत्तराधिकारियों को वापस की जा सके। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी "आपकी पूंजी -आपका अधिकार" जन जागरण अभियान 1 अक्टूबर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक चलाया गया है। आगामी दिनों में प्रत्येक जिले में जागरूकता शिवर आयोजित किये जायेंगे. अधिक जानकारी हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक के उदगम पोर्टल एवं अपनी नजदीकी बैंक शाखा में संपर्क कर सकते है। इस मौके पर सामाजिक सुरक्षा योजनाओ की भी विस्तृत जानकारी दी गयी एवं बैंक खातो में अपना पेन कार्ड, आधार एवं मोबाइल अपडेट करने के बारे में भी बताया गया| इस के साथ साइबर फ्राड से बचने के उपाय भी बताये गये। क्रायकर्म का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक कँवलजीत द्वारा किया गया।

## बीएसएफ का बड़ा एक्शनः ड्रोन और हथियारों संग 1.5 किलो हेरोइन बरामद

**समर न्यूज़। परमजीत । फिरोज़पुर**

सीमा सुरक्षा बल अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी-सीमा प्रबंधन- का प्रभावी निर्वहन करते हुए सीमा पार से होने वाली अवैध गतिविधियों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बीएसएफ, अपनी इंटेलिजेंस विंग के साथ घनिष्ठ समन्वय में कार्य करते हुए, भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन के माध्यम से की जा रही नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए लगातार प्रयासरत है। विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर, बीएसएफ ने 7 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2025 की अवधि के दौरान फिरोज़पुर सीमा क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से होने वाली तस्करी के कई प्रयासों को विफल किया है। इन अभियानों के दौरान बीएसएफ कर्मियों ने 1.523 किलोग्राम हेरोइन, एक पाकिस्तानी ड्रोन, दो देशी निर्मित पिस्तौलें, एक मैगज़ीन और दो कारतूस बरामद किए हैं। इसके अतिरिक्त, छह भारतीय तस्करों को सीमा पार तस्करी में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। नशीले पदार्थों और हथियारों की इस



महत्वपूर्ण बरामदगी तथा तस्करों की गिरफ्तारी से यह स्पष्ट होता है कि सीमा सुरक्षा बल के जवान अपनी सतर्कता, दक्षता और परिचालन क्षमता के साथ सीमाओं को सुरक्षित रखने और ड्रोन के माध्यम से होने वाली नशीले पदार्थों की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

## कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्रों को सेहत और पर्यावरण से ज़ुड़ी समस्याओं के हल के लिए इनोवेशन आमंत्रित किये

**समर न्यूज़। मोहाली**

बी.आर.आई.सी.–राष्ट्रीय कृषि–खाद्य एवं जैव-निर्माण संस्थान (बी.आर.आई.सी.-एन.ए.बी.आई.) ने उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सम्मेलन (ई.एस.टी.आई.सी.-2025) का शुभारंभ समारोह आयोजित किया और इसी अवसर पर "डि.ई.एस.आई.जी.एन. फॉर बायो–ई3" प्रतियोगिता की शुरुआत की। ई.एस.टी.आई.सी.–2025 का उद्देश्य भारत एवं विदेशों के वैज्ञानिकों, नवप्रवर्तकों, नीति–निर्माताओं और विशेषज्ञों को एक साझा मंच पर लाना है, ताकि वे नई एवं उभरती प्रौद्योगिकियों पर विचार–विमर्श कर सकें और सामूहिक सहयोग से समाधान विकसित करें। यह सम्मेलन 3 से 5 नवम्बर, 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। इसमें प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के मार्गदर्शन में 13 मंत्रालय और विभाग सहभागिता करेंगे। सम्मेलन में भारत की विभिन्न उपलब्धियों को 11 प्रमुख क्षेत्रों में प्रदर्शित किया जाएगा, जिनमें जैव–निर्माण क्षेत्र का नेतृत्व जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डी.बी.टी.) एवं बी.आर.आई.सी.–एन.ए.बी.आई. द्वारा किया जाएगा। विकसित भारत 2047 की दृष्टि के अनुरूप, ई.एस.टी.आई.सी. ऐसे मंचों और नीतियों, जैसे बायो–ई3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण एवं रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करता है, ताकि सतत विकास को बढ़ावा मिल सके। "डि.ई.एस.आई.जी.एन. फॉर बायो–ई3" एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता है, जो अगस्त 2024 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित बायो–ई3 नीति के अंतर्गत आरंभ की गई है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से देशभर के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, पर्यावरण और स्थायित्व से जुड़ी वास्तविक समस्याओं के समाधान हेतु जैव–प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। 'डि.ई.एस.आई.जी.एन.' का अर्थ है -डी-वास्तविक आवश्यकताओं को परिभाषित करना, ई - साक्ष्य को प्राथमिकता देना, एस – डिज़ाइन द्वारा स्थिरता, आई – एकीकरण, जी – बाज़ार तक पहुँच, एन – शुद्ध सकारात्मक प्रभाव। विद्यार्थी 1 नवम्बर, 2025 से माईगव




इनोवेट इंडिया पोर्टल पर अपने विचार प्रस्तुत कर सकेंगे। यह प्रक्रिया एक वर्ष तक प्रत्येक माह संचालित की जाएगी। विजेता प्रतिभागियों को योग्यता प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे तथा चयनित विचारों को बायोरैक के 'यू–युवा' या 'बायो–नेस्ट' कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदर्शन एवं ऊष्मायन हेतु सहायता दी जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रो. अश्वनी पारीक, कार्यकारी निदेशक, बी.आर.आई.सी.–एन.ए.बी.आई. ने स्वागत भाषण दिया और संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात् डॉ. गरिमा गुप्ता ने ई.एस.टी.आई.सी.–2025 पर तथा डॉ. वामसी कृष्णा ने "डि.ई.एस.आई.जी.एन. फॉर बायो–ई3" विषय पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रो. राजेश एस. गोखले, सचिव, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार एवं श्री प्रियांक भारती, आई.ए.एस., सचिव, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण विभाग, पंजाब सरकार, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रो. राजेश गोखले ने युवाओं को नवाचारपूर्ण विचारों के साथ इन कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया ताकि वे राष्ट्र–निर्माण में योगदान दे सकें। वहीं श्री प्रियांक भारती ने युवाओं से इन पहलों में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया। समारोह का समापन विशिष्ट अतिथियों के प्रेरक संबोधन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने जैव–प्रौद्योगिकी एवं युवा नवाचार की भूमिका को स्थायी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद–प्रस्ताव और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# सीमा पर बीएसएफ की बड़ी कार्रवाई : हेरोइन के साथ ड्रोन और हेक्साकॉप्टर जब्त



**समर न्यूज़ । अमृतसर**

पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में नशा और ड्रोन तस्करी के खिलाफ बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। सतर्क जवानों ने अलग-अलग सर्च ऑपरेशनों के दौरान एक असेंबल्ड हेक्साकॉप्टर, एक ड्रोन और तीन पैकेट हेरोइन बरामद की हैं। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर के अनुसार, ये कार्रवाई अमृतसर, फिरोजपुर और फाजिल्का जिलों में की गई। अमृतसर के राजाताल गांव के पास खेतों से बीएसएफ ने एक असेंबल्ड हेक्साकॉप्टर बरामद किया, जो क्षतिग्रस्त हालत में मिला। वहीं, फिरोजपुर जिले के जलोके गांव में बीएसएफ इंटेलिजेंस विंग की सूचना पर पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में 582 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। फाजिल्का जिले के पीरे के उत्तर गांव में खेतों की तलाशी के दौरान 505 ग्राम हेरोइन और एक पिस्तौल की मैगजीन मिली। इसके अलावा, फिरोजपुर के पच्छरियां गांव में रात के समय गश्त के दौरान जवानों ने 548 ग्राम हेरोइन बरामद की। अमृतसर के कक्कड़ गांव में ड्रोन की गतिविधि ट्रैक करने के बाद एक छोटा ड्रोन और 536 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि ये सभी ऑपरेशन खुफिया इनपुट्स के आधार पर सटीक योजना के तहत चलाए गए थे।

पाकिस्तान की ओर से हो रही ड्रोन तस्करी की कोशिशों को नाकाम करने के लिए सीमा इलाकों में निगरानी और तलाशी अभियान और भी तेज कर दिए गए हैं।

## समर एक्सप्रेस में छपी खबर का असर

# हरकत में आया प्रशासन और अस्पताल कर्मी, करवाई सफाई





हस्पताल की ओर से डाली गई गंदगी को साफ करते निगमकर्मी।

**हरजीत मठारू/समर न्यूज | मोहाली**

मोहाली में गामड़ा के सेक्टर 77 के निवासियों को नजदीक में श्री गुरु हरकिशन साहिब चैरिटेबल सेवा हॉस्पिटल में पड़ रही गंदगी के कारण बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल की ओर से पेशेंट के उपयोग किए डायपर और अथवा कूड़ा करकट गामड़ा के सेक्टर 77 में फेंका जा रहा था। जिसके कारण वहां निवासियों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था तो निवासियों ने समर एक्सप्रेस की टीम को अपने सेक्टर में बुलाकर के हस्पताल की ओर से जो गंदगी डाली जा रही थी उसके बारे में जानकारी दी गई तो समर एक्सप्रेस में वीरवार को एक खबर प्रकाशित की गई थी। खबर लगने के कुछ समय बाद ही मोहाली प्रशासन और हस्पताल के कर्मी हरकत में आए और पड़ी गंदगी को साफ़ करवाया। सैक्टर 77 के निवासियों ने बताया कि अगर हस्पताल की ओर से दुबारा उनके सेक्टर में गंदगी डाली गई तो ऊनी ओर से बढ़ा एक्शन किया जाएगा।


सोहाना अस्पताल मेडिकल वेस्ट खुले में कर रहा डंप
» अस्पताल मरीजों पर इस्तेमाल किया सामान फेंक रहा गमाडा के सेक्टर 77 में

समर न्यूज में छपी खबर की कटिंग।

# राज्यसभा के लिए बिना चुनाव लड़े विजेता घोषित हुए राजिंदर गुप्ता

**» पत्नी और तीन निर्दलीय प्रत्याशियों ने वापस लिए नामांकन पत्र**

**गुरशरण सिंह। समर न्यूज। चंडीगढ़**



ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन और उद्योगपति राजिंदर गुप्ता को पंजाब से राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्विरोध विजेता घोषित किया गया है। गुप्ता के मुकाबले किसी भी राजनीतिक दल ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। उनके खिलाफ केवल तीन निर्दलीय प्रत्याशियों और उनकी पत्नी ने नामांकन दाखिल किए थे।

चुनाव आयोग की जांच में तीनों निर्दलीय उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों में खामियां पाई गईं, जिसके चलते उन्हें रद्द कर दिया गया। इसके बाद उनकी पत्नी ने भी स्वेच्छा से अपना नामांकन वापस ले लिया। इसके परिणामस्वरूप, चुनाव पर्यवेक्षक ने गुरुवार को राजिंदर गुप्ता को बिना मतदान के ही विजेता घोषित कर प्रमाणपत्र सौंप दिया।

उनके खिलाफ महाराष्ट्र के सांगली के प्रभाकर दादा, हैदराबाद के क्रांति सयाना, और जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने नामांकन दाखिल किया था, लेकिन सभी के कागजात अधूरे पाए गए।

**करोड़पति उद्योगपति, पर खुद के नाम न घर न कार** : राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए राजिंदर गुप्ता शिक्षा से 10वीं पास हैं। दिलचस्प बात यह है कि उनके नाम पर न कोई कार, न कृषि भूमि, और न कोई वाणिज्यिक इमारत दर्ज है। हालांकि उनके परिवार के पास 5,053 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति है, जिसमें 4,338.77 करोड़ की चल और 615.74 करोड़ की अचल संपत्ति शामिल है। गुप्ता परिवार के पास 11.99 करोड़ रुपये के आभूषण हैं, और उन पर किसी प्रकार का कर्ज नहीं है। गुप्ता ने 1975 में पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के सरकारी मॉडल हाई स्कूल, लुधियाना से दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

**पंजाब से 7वें राज्यसभा सदस्य गुप्ता** : राजिंदर गुप्ता, पंजाब से राज्यसभा में जाने वाले सातवें सदस्य होंगे। उनसे पहले पंजाब का प्रतिनिधित्व एलपीयू के चांसलर अशोक मित्तल, पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह, आप नेता राघव चड्ढा, व्यवसायी बिक्रमजीत सिंह साहनी, आप नेता संदीप पाठक और समाजसेवी संत बलवीर सिंह सीचेवाल कर रहे हैं। यह सीट पहले संजय अरोड़ा के पास थी, जिन्होंने हाल ही में लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट से चुनाव जीतने के बाद राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया, जिससे यह सीट रिक्त हो गई थी।

### पंजाब राज्यसभा उम्मीदवार रजिंदर गुप्ता को चुनाव सर्टिफिकेट दिया



पंजाब विधानसभा के सचिव-कम-रिटर्निंग अधिकारी राम लोक खटाना ने आज पंजाब राज्यसभा उम्मीदवार रजिंदर गुप्ता, जो संसद के उच्च सदन के लिए निर्विरोध चुने गये थे, को चुनाव सर्टिफिकेट सौंपा। यह सर्टिफिकेट उन्हें पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां की उपस्थिति में दिया गया। रजिंदर गुप्ता के साथ उनकी पत्नी मधु गुप्ता भी मौजूद थीं।

# पत्रकारिता राष्ट्रवाद, शान्ति के साथ जीवनशैली में भारतीय संस्कृति के उभार के लिए काम करे : डा. शांतनु भाई

**» समाज सेवक ,पत्रकारिता जगत से जुड़े लोग किए सम्मानित**

**समर न्यूज । नवांशहर**



स्थानीय श्री ब्रह्माकुमारी आश्रम में बी के मनजीत दीदी की देखरेख में शांति एकता अखंडता के लिए मीडिया की सकारात्मक भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता माउंट आबू (राजस्थान) से संस्थान के मीडिया विंग के नेशनल कॉर्डिनेटर डा शांतनु भाई ने मीडिया एवं शहर के धर्म, राजनीतिक, सामाजिक तथा लोक सेवा से जुड़े महिला पुरुष प्रतिनिधियों का मीडिया के बढ़ते प्रभाव से वाकिफ करवाया। डा. शांतनु भाई ने कहा कि भारत में ब्रह्मा के चार मुख से चारों दिशाओं का मार्ग उत्पन हुआ। चारों दिशाओं से ही खबर प्रेरक की शुरुआत हुई। देवता ब्रह्मा के मानस पुत्र मुनि नारद प्रथम भ्रमण सूचनाकार बने। जिनका स्वर्ग लोक से पाताल लोक तक संबंध था। मित्र दुश्मन उनका डंका मानते थे। इस लिए पत्रकारिता की बुनियाद भारत में हुई। दूसरे पत्रकार महाभारत काल के संजय रहे। तीसरे महाराजा बर्बरीक थे जिन्होंने श्री कृष्ण को शीश दान करने के बाद भी प्रभु कृपा से धर्म अधर्म की जंग में कौरव पांडव जंग में जीत का सही स्थिति से पांडवों को अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि विदेशी मीडिया में नकारत्मक, अश्लील, भ्रष्टाचार सहित जीवनशैली, संस्कारो से दूर सिर्फ कारपोरेट घराने के लिए शोषित हो रहे पत्रकारोंकी दिशा पर चर्चा की। अंत में सकारात्मकता शांति अखंडता के लिए मेडिटेशन पर बात कर संगोष्ठी नका अंत किया। इस मौके पर नवांशहर /बंगा के पत्रकार के साथ परविंदर बत्रा,, अंकुश निझवान, राकेश सोनी,किरण चांदला, कलमदीप, सुमन सेठी, हरविंदर दीदी लुधियाना, ब्रिज मोहन,विजय कुमार, सीमा कांडा, युगल किशोर दता, का सम्मान किया गया। इस मौके पर मनजीत सिंह खुशी दीदी, कृष्णकुमार, रतन जैन,मनजीत दीदी,खुशी दीदी, आरती, साक्षी, ऊषा रानी , बीना जी , अलका जैन, कमल सोढ़ी, रेणु शर्मा, हाजर रहे।

# कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर फिर फायरिंग

**» लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने ली जिम्मेदारी**

**एजेंसी । कनाडा**




मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा स्थित कैप्स कैफे पर एक बार फिर गोलीबारी की घटना सामने आई है। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। पिछले कुछ महीनों में कपिल के इस कैफे पर यह तीसरा हमला है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है।

सूत्रों के मुताबिक, यह ताजा घटना कनाडा के सरे इलाके में हुई, जहां अज्ञात हमलावरों ने कैफे पर करीब आधा दर्जन गोलियां चलाईं। फायरिंग में कैफे की खिड़कियों के शीशे टूट गए, हालांकि राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के घायल या हताहत होने की खबर नहीं है।

हमले के कुछ घंटों बाद गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों और कुलदीप सिद्धू ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली। वीडियो में उन्होंने कहा कि, "मैं, गोल्डी ढिल्लों और कुलदीप सिद्धू, कपिल शर्मा के कैप्स कैफे पर हुई तीनों फायरिंग की जिम्मेदारी लेते हैं। हमारा आम जनता से कोई झगड़ा नहीं है, लेकिन जो लोग गैर-कानूनी कामों में शामिल हैं और पैसे नहीं देते, वे सावधान रहें।"

**लगातार तीसरा हमला पहले दो बार भी ली जा चुकी है जिम्मेदारी**

गौरतलब है कि कपिल शर्मा के कैप्स कैफे पर पहला हमला 10 जुलाई को हुआ था। इसके बाद 8 अगस्त को दूसरी बार कैफे को निशाना बनाया गया, जब वहां 25 से ज्यादा गोलियां चलाई गई थीं। उस समय भी लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए एक धमकी भरा वीडियो जारी किया था।

गैंग के सदस्यों ने उस वक्त कहा था कि उन्होंने "टारगेट को पहले चेतावनी दी थी, लेकिन उसने बात नहीं मानी, इसलिए कार्रवाई करनी पड़ी। अगर अब भी चेतावनी नहीं सुनी गई, तो अगला कदम मुंबई में उठाया जाएगा।"

पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने हमले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि फायरिंग में शामिल अपराधियों और उनके नेटवर्क की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज और डिजिटल सबूतों की जांच की जा रही है।

# डीआईजी के घर से मिले 5 करोड़ रुपये, लग्जरी कारें और हथियार

**समर न्यूज । चंडीगढ़**

सीबीआई ने पंजाब और चंडीगढ़ स्थित डीआईजी के ठिकानों पर छापेमारी की, जिसमें बड़ी मात्रा में नकदी और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। बरामद सामान में शामिल हैं —

लगभग 5 करोड़ रुपये नकद (गिनती जारी), लगभग 1.5 किलोग्राम सोने के गहने, पंजाब में अचल संपत्तियों के दस्तावेज, दो लग्जरी गाड़ियों (मर्सिडीज और ऑडी) की चाबियां, 22 महंगी घड़ियां, लॉकर की चाबियां, 40 लीटर विदेशी शराब की बोतलें, हथियार - एक डबल बैरल बंदूक, एक पिस्तौल, एक रिवॉल्वर, एक एयरगन और कारतूस, बिचौलिए के पास से बरामद, 21 लाख नकद। सीबीआई ने बताया कि तलाशी अभियान जारी है और मामले की आगे की जांच की जा रही है।







# माता-पिता के स्वास्थ्य पर पंजाब सरकार का फोकस

**» पैरेंट टीचर मीटिंग बनेंगी 'हाइपरटेंशन और मेंटल वेल-बीइंग' ड्राइव का केंद्र**

**» पीटीएम पर सरकारी स्कूलों में माता-पिता की मानसिक स्वास्थ्य चेकअप**

**समर न्यूज । लुधियाना**

पंजाब सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार नई पहलें कर रही है। इसी कड़ी में, शिक्षा को जनस्वास्थ्य से जोड़ते हुए सरकार ने पैरेंट टीचर मीटिंग को जनस्वास्थ्य अभियान का केंद्र बना दिया है। लुधियाना जिले के सभी सरकारी स्कूलों में 17 अक्तूबर को होने वाली पीटीएम के दिन एक विशेष 'हाइपरटेंशन और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता ड्राइव' आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पैरेंट टीचर मीटिंग में आने वाले माता-पिता और अभिभावकों को ब्लड प्रेशर, हाइपरटेंशन और मानसिक स्वास्थ्य के जोखिम के प्रति जागरूक करना है।

यह जन-केंद्रित अभियान पंजाब सरकार और दयानंद मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लुधियाना के सहयोग से चलाया जा रहा है। मिशन स्वस्थ कवच के तहत स्कूलों को सिर्फ शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि समाज के स्वास्थ्य और भलाई का केंद्र बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य है कि स्वास्थ्य जागरूकता बच्चों से शुरू होकर परिवारों और पूरे समुदाय तक पहुँचे।

डिप्टी ज़िला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी), अमनदीप सिंह ने सभी स्कूलों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक स्कूल में कम से कम 100 अभिभावकों या आगंतुकों का ब्लड प्रेशर मापा जाएगा। इस कार्य में शिक्षक और मिशन स्वस्थ कवच के तहत फर्स्ट एड ट्रेनिंग प्राप्त छात्र मदद करेंगे। हर व्यक्ति का बीपी तीन बार मापा जाएगा ताकि परिणाम वैज्ञानिक और सटीक हों।

अमनदीप सिंह ने बताया, "हमने सभी स्कूलों को ब्लड प्रेशर मापने की मशीनें स्थायी रूप से उपलब्ध करवा दी हैं। यह पहल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक तनाव और मानसिक स्वास्थ्य पर भी जागरूकता लाएगी। यह कदम विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और सामाजिक सेवा की भावना भी पैदा करेगा।"

इस कार्यक्रम का संचालन हर स्कूल का हेल्थ मेंटर करेगा, जो छात्रों के सहयोग से चेकअप शिविर का आयोजन करेगा। स्कूलों को निर्देश है कि वे इस कार्यक्रम का रिकॉर्ड और डेटा गूगल फॉर्म के माध्यम से जमा करें। शिक्षा विभाग ने चेतावनी दी है कि लापरवाही की स्थिति में स्कूल मुखी स्वयं जिम्मेदार होंगे। सरकार का कहना है कि यह पहल "शिक्षा और स्वास्थ्य एक दिन में दो लाभ" की सोच को साकार करती है। पीटीएम पर अभिभावक बच्चों की प्रगति के साथ-साथ अपनी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जांच निःशुल्क करा सकेंगे। यह दिखाता है कि अगर माता-पिता स्वस्थ और मानसिक रूप से संतुलित होंगे, तो बच्चे भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे यही असली परिवर्तन है।




लुधियाना जिले की यह अनूठी पहल पूरे पंजाब के लिए रोल मॉडल बन सकती है। इससे न केवल हाइपरटेंशन और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा की भावना भी विकसित होगी। यह साबित करता है कि पंजाब सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य को जोड़कर समग्र विकास मॉडल पर काम कर रही है, जहाँ ज्ञान और सेहत दोनों साथ-साथ आगे बढ़ें।

# जाट समाज विकास समिति की मांग आईपीएस पूर्ण सिंह की आत्महत्या ही नहीं पूरे सर्विस रिकॉर्ड की हो न्यायिक जांच




**आईपीएस पूर्ण सिंह और एएसआई संदीप लाठर आत्महत्या प्रकरण को लेकर प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते जाट समाज विकास समिति के पदाधिकारी।**

**सुन्दर कुंडू/समर न्यूज । पलवल**

जाट धर्मशाला में जाट समाज विकास समिति के पदाधिकारियों द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन कर दिवंगत एडीजीपी वाई पूरण कुमार एवं दिवंगत एएसआई संदीप लाठर की आत्महत्या पर संवेदना व्यक्त की और दोनों ही मामलों में सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग की। इस अवसर पर हरिचंद शास्त्री, रामप्रसाद सरपंच, ज्ञान सिंह चौहान, रणवीर सिंह, करतार मंढनाका इत्यादि मौजूद थे। उन्होंने कहा कि इस तरह कर्मचारियों का आत्महत्या करना बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है सरकार को मामले की तह तक जांच करानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि जाट समाज विकास समिति की मांग है कि एडीजीपी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या की हाई कोर्ट के सिटिंग जज से न्यायिक जांच होनी चाहिए और न केवल आत्महत्या की बल्कि उनके पूरी सर्विस की जांच होनी चाहिए उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान क्या किया क्या नहीं किया। उन्होंने कहा कि एडीजीपी की पत्नी अमनीत कुमार ने जो बिंदु रखे हैं उनमें हम कुछ बिंदुओं का समर्थन करते हैं एकिन कुछ पर हमारा सवालिया निशान है एडीजीपी की पत्नी ने कहा था कि वाई पूरण कुमार दलितों के लिए काम करते थे वो अम्बेडकरवादी थे हमारा सवाल है कि क्या वो दलितों के ही अधिकारी थे हमे उनके इस कथन पर संदेह पैदा होता है। क्योंकि आईपीएस तो सभी का होता है सरकार का नुमाइंदा होता है फिर वो दलितों के कैसे हो गए। साथ ही जाट विकास समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि एएसआई संदीप लाठर ने भी आत्महत्या से पहले एक वीडियो और सुसाइड नोट में कुछ आरोप लगाए हैं उनकी भी न्यायिक जांच होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने सर्कार पर गंभीर आरोप लगाए और कहा की सरकार ने न्यायप्रियता के राजधर्म को नहीं निभाया सरकार दबाब में कोई कदम नहीं उठाये। एसपी नरेंद्र बिजारणिया जिम्मेवार अधिकारी है उनकी कार्यपणाली को सभी जानते है हरियाणा सरकार के पास उसका रिकॉर्ड है जो व्यवहार बिजारणिया के साथ हुआ है वह उचित नहीं है पहले सरकार को इसकी न्यायिक जांच करानी चाहिए थी किसी के भी दबाब में किसी निर्दोष को न फंसाये मामले की सही जांच हो। अगर सरकार किसी दबाब में ऐसा व्यवहार करती है तो जाट समाज सरकार के व्यवहार को देखते हुए बड़ी पंचायत का आयोजन करेंगे। जाट समाज विकास समिति ने मांग करते हुए कहा की आईपीएस पूर्ण कुमार ने कई अधिकारीयों का नाम लिया है उसकी जांच होने चाहिए हम उसका समर्थन करते है लेकिन किसी को बलि का बकरा नहीं बनाया जाना चाहिए किसी को सजा देने से पहले उसकी जांच होनी चाहिए उसके बाद सरकार कानून के दायरे में रहकर कार्यवाही करे। उन्होंने कहा की आईपीएस पूर्ण कुमार की पत्नी के आरोपों की जांच होनी चाहिए।

# ट्रांसपोर्टर्स के हक हकूक की लड़ाई लड़ना मेरी प्राथमिकता रहेगी : जोगेंद्र सौरोत

**सुन्दर कुंडू/समर न्यूज । पलवल**



पलवल ट्रक यूनियन एसोसिएशन के जिला प्रधान जोगेंद्र सौरोत को नई जिम्मेवारी मिली है जिन्हें अब प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति जिला जींद में आयोजित राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा ट्रक ट्रांसपोर्ट सारथी संगठन की मीटिंग में हुई। अपनी नियुक्ति पर जोगेंद्र सौरोत ने यूनियन के शीर्ष पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी मिली है उसका और निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे और ट्रांसपोर्टर्स के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट और ट्रांसपोर्टर किसी भी जिला, प्रदेश और देश के लिए एकमात्र माध्यम है जिसकी वजह से एक स्थान से दूसरे स्थान की जरूरतें पूरी होती हैं। लेकिन पिछले कुछ समय में ट्रांसपोर्ट संसाधनों के सामने कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही है एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में बेवजह परेशान किया जाता है उनकी प्राथमिकता रहेगी कि ट्रांसपोर्ट और ट्रांसपोर्टर को आने वाली समस्याओं का समाधान किया जाए और जो भी उनके हक और अधिकार है उनकी लड़ाई हर स्तर पर मजबूती से लड़ा जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह उन्होंने जिला अध्यक्ष रहते पलवल जिले के ट्रांसपोर्टर्स को आने वाली समस्याओं को समाधान करने के प्रयास किए उसी तरह अब वो प्रदेश स्तर पर उनके हकों की आवाज को बंद करने का काम करेंगे। सौरोत ने कहा कि हरियाणा में ट्रांसपोर्टर्स के लिए सबसे विकट समस्या है कि हाइट को लेकर होने वाला चालान हरियाणा प्रदेश में सबसे ज्यादा 21 हजार रुपए है जबकि देश के अन्य हिस्सों में था नाममात्र है जैसे गुजरात में 2100 रुपए मध्यप्रदेश में 5 हजार रुपए है इसलिए उनकी प्राथमिकता है कि चाहे उन्हें किसी भी स्तर पर कोई संघर्ष करना पड़े जो हाइट को लेकर चालान की मार ट्रांसपोर्टर झेल रहे हैं उससे मुक्ति दिलाई जाएगी।

# मुख्यमंत्री सैनी ने तीसरे कार्यकाल में 2 लाख नौकरियों का रखा लक्ष्य




**समर न्यूज | रोहतक**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को रोहतक के बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, अस्थल बोहर में चौथे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को इंडस्ट्री-एकेडमी पार्टनरशिप अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि तकनीकी संस्थानों में प्लेसमेंट के लिए अब तक 580 से अधिक उद्योगों के साथ समझौते किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रदेश में ऐसे शिक्षण संस्थान तैयार किए जाने की जानकारी दी, जिनमें केजी से लेकर पीजी तक शिक्षा उपलब्ध होगी। कई विश्वविद्यालयों में केजी-पीजी स्कीम के तहत दाखिले भी शुरू किए गए हैं। इस अवसर पर विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी भी मौजूद रहे। समारोह में मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को पदक और उपाधियां भी प्रदान की।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में ऐसे सुधारों पर जोर दे रही है, जिनसे युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगार के अवसर भी मिलें। उन्होंने बताया कि अब तक 1.80 लाख युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं और तीसरे कार्यकाल में 2 लाख नौकरियों का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील की कि वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में कड़ी मेहनत करें, उनका प्रयास निश्चित रूप से सफल होगा।

सैनी ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि भावी पीढ़ी को ऐसी शिक्षा मिले, जो उन्हें रोजगार सक्षम, चरित्रवान और नैतिक गुणों से युक्त बनाए। इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है। हरियाणा देश का पहला राज्य है, जिसने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में NEP 2024 को लागू किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हर विद्यार्थी को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करना सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। इस दिशा में कई ठोस कदम उठाए गए हैं, स्कूलों में एनएसक्यूएफ आधारित कौशल प्रशिक्षण, कॉलेजों में 'पहल योजना, विश्वविद्यालयों में इन्क्यूबेशन सेंटर,तकनीकी संस्थानों में उद्योगों के साथ एमओयू, इन प्रयासों का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा के साथ कौशल और रोजगार की दिशा में सक्षम बनाना है।

# कांग्रेस आरएसएस से डरती है जैसे पक्षी अंधेरे से : विज

**समर न्यूज | अंबाला**



हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जिस तरह पक्षी अंधेरे से डरता है, उसी तरह कांग्रेस आरएसएस के नाम से भयभीत होती है। उन्होंने कहा कि आरएसएस धर्म और जाति के आधार पर राजनीति करने की कांग्रेस की सोच को खत्म करती है, इसलिए कांग्रेस को उससे डर लगता है। अनिल विज ने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार जनता की सुरक्षा, पारदर्शिता और विकास के लिए पूरी तरह समर्पित है और विपक्ष के झूठे आरोपों से विचलित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ मौजूदा भाजपा सरकार ने अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई की है। इस दिशा में राज्य सरकार ने एक नशा नियंत्रण प्राधिकरण का गठन किया है, जो प्रभावी ढंग से काम कर रहा है।

कांग्रेस नेताओं के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए विज ने कहा कि उन्हें देश की चुनावी व्यवस्था की मूल समझ नहीं है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री के बेटे द्वारा आरएसएस को 'तालिबानी संगठन' करार देने और उस पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर विज ने कहा कि ऐसे बयान कांग्रेस नेताओं की आरएसएस की देशभक्ति और अनुशासन से भयभीत मानसिकता को उजागर करते हैं।

# अभय चौटाला का सीएम सैनी पर तीखा हमला, सीबीआई जांच की मांग

**समर न्यूज | लाढ़ौत, रोहतक**

इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला ने एएसआई संदीप लाठर की आत्महत्या मामले में मुख्यमंत्री नायब सैनी पर सीधे निशाना साधा। चौटाला ने कहा, "मुख्यमंत्री सिर्फ मौके पर आए, पर न्याय करने की बजाय जाट समुदाय की सहानुभूति लेने पहुंचे। अगर वे न्याय करने आए होते, तो अब तक मामले में कार्रवाई हो जाती। सरकार को इस मामले की सीबीआई से जांच, हाईकोर्ट के जज की निगरानी में करानी चाहिए।"



चौटाला ने कहा कि अधिकारियों और नेताओं के कर्तव्य में लापरवाही के कारण ही संवेदनशील मामलों में आम जनता का भरोसा कमजोर होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार और मुख्यमंत्री की भूमिका केवल दिखावे तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी।

# हरियाणा में महिलाएं रात की शिफ्ट में काम कर सकेंगी

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने महिलाओं के लिए रात की पाली में काम करने के नियमों में बदलाव किया है। अब महिलाएं रात 7 बजे से सुबह 6 बजे तक शॉपिंग मॉल, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, कारखाने और प्रोडक्शन यूनिट में काम कर सकेंगी। हालांकि, इसके लिए महिलाओं की लिखित सहमति अनिवार्य होगी और सुरक्षा उपायों की व्यवस्था भी करनी होगी। श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन के आदेश के अनुसार, महिलाओं के लिए रात की शिफ्ट में काम करने पर मातृत्व लाभ से वंचित नहीं किया जाएगा। महिलाओं को रात की पाली में काम की अनुमति मिलने से उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिलेगा। वहीं, कारोबारियों को अपनी गतिविधियों और उत्पादन को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कारखानों और प्रोडक्शन यूनिट में यदि महिलाएं रात्रि शिफ्ट में काम कर रही हों, तो हर शिफ्ट में कम से कम एक-तिहाई महिला सुपरवाइजर, शिफ्ट इंचार्ज या फोरमैन की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

# राष्ट्रपति मुर्मू का अंबाला दौरा तय, एयरफोर्स स्टेशन पर होगा भव्य स्वागत

**समर न्यूज | अंबाला**



हरियाणा के अंबाला में स्थित एयरफोर्स स्टेशन में 29 अक्टूबर को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। यह दौरा पहले 18 अक्टूबर को प्रस्तावित था, जिसे बाद में स्थगित कर दिया गया था। कार्यक्रम भारतीय वायुसेना के आयोजन के तहत अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए अंबाला जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन और प्रोटोकॉल को लेकर पुलिस, एयरफोर्स और संबंधित विभागों को सतर्क किया गया है। बताया गया है कि राष्ट्रपति के आगमन से पहले उनके प्रोटोकॉल अधिकारी अंबाला पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण करेंगे।

अंबाला एयरफोर्स स्टेशन देश के सबसे पुराने और महत्वपूर्ण वायुसेना ठिकानों में से एक है। यहां कई बार शीर्ष स्तर के सैन्य और राजकीय कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं। इस बार भी वायुसेना से जुड़े एक अहम आयोजन की योजना बनाई जा रही है, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। अंबाला एयरफोर्स स्टेशन में 17 स्क्वाड्रन तैनात हैं, जिनमें राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान शामिल हैं। माना जा रहा है कि कार्यक्रम वायुसेना दिवस (8 अक्टूबर) के बाद की औपचारिक गतिविधि से संबंधित हो सकता है। राष्ट्रपति के दौरे के दौरान भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू इस अवसर पर वायुसेना अधिकारियों से बातचीत करेंगी और देश की सुरक्षा एवं रक्षा तैयारियों की जानकारी प्राप्त करेंगी।

# पुलिसकर्मियों को प्रेरित करने के लिए डीजीपी ने लेटर किया जारी

**समर न्यूज | हरियाणा**

हरियाणा के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने पुलिसकर्मियों को प्रेरित करने के लिए एक मोटिवेशनल लेटर जारी किया है। लेटर में डीजीपी ने कतील शिफाई का शेर भी उद्धृत किया है: "वो मेरा दोस्त है सारे जहां को है मालूम, दगा करे वो किसी से तो शर्म आए मुझे।" डीजीपी ने अपने लेटर में पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि समाज में ऐसा माहौल बनाएं कि "शेर और बकरी एक ही घाट पर पानी पी सकें", और सभी नागरिक सुरक्षित महसूस करें। लेटर में ओपी सिंह ने शहीद पुलिसकर्मियों को नमन करते हुए कहा कि हमारे देश और हरियाणा की सुरक्षा के लिए अब तक 84 पुलिसकर्मी वीरगति को प्राप्त हुए हैं। उन्होंने लिखा कि उनके बलिदान को हम सदा याद रखेंगे।



डीजीपी ने पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी को स्पष्ट करते हुए कहा कि हिंसा और छलावा समाज का स्वभाव हैं, लेकिन पुलिस का काम अपराधियों को रोकना और कानून का पालन सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस के प्रभावी कामकाज से समाज व्यवस्थित होता है, कारोबार और रोजगार को बढ़ावा मिलता है, और देश आत्मनिर्भर बनता है।

ओपी सिंह ने अपने लेटर में अपनी मंशा व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिसकर्मी अपने आचरण और व्यवहार से दूसरों के लिए प्रेरणा और विश्वास का स्त्रोत बनें। उन्होंने लिखा कि लोगों ने पीढ़ियों तक संघर्ष झेला है, और अब पुलिस उनसे सुरक्षा, संरक्षण और सहयोग प्रदान करे।

डीजीपी ने कहा कि इतिहास के इस दौर में पुलिस को राष्ट्र-निर्माण में अग्रणी भूमिका निभानी है, और सही एवं गलत में हमेशा सही का पक्ष लेना होगा, चाहे कीमत जो भी चुकानी पड़े।

# नए दिशा-निर्देश: हरियाणा में विदेश यात्रा अब होगी नियंत्रित

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने सरकारी खर्च और अनुशासन पर नियंत्रण बनाए रखने के उद्देश्य से सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की विदेश यात्राओं के लिए नए, सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वित्त विभाग द्वारा जारी ये नियम तत्काल प्रभाव से लागू होंगे और पहले से जारी सभी आदेशों को निरस्त माना जाएगा। आदेश मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने जारी किए हैं।

कौन-कौन प्रभावित:

ये नए नियम ग्रुप 'ए', 'बी', 'सी' और 'डी' के सभी सरकारी अधिकारी-कर्मी के साथ-साथ हरियाणा से जुड़े आईएएस, आईपीएस, आईएफएस जैसे अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों पर भी लागू होंगे। हर अधिकारी या कर्मचारी को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में केवल एक आधिकारिक और एक निजी विदेश यात्रा की अनुमति मिलेगी, दोनों यात्राओं की कुल अवधि तीन सप्ताह से अधिक नहीं होगी, किसी भी सरकारी खर्च पर विदेश यात्रा का प्रस्ताव संबंधित विभाग द्वारा 'चेकलिस्ट' के साथ मुख्यमंत्री की स्वीकृति लेकर वित्त विभाग (एफआर शाखा) को भेजा जाएगा, बजट का पर्याप्त प्रावधान होना आवश्यक है, यदि कोई अधिकारी स्वयं के खर्च पर विदेश यात्रा करना चाहता है, तो उसे भी केवल एक निजी यात्रा की अनुमति होगी, यात्रा करने वाले देश का नाम अनुमति पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेखित होना जरूरी है।

सख्त प्रतिबंध और शर्तें, जिन अधिकारियों के विरुद्ध कोई आपराधिक मामला लंबित है या आरोपपत्र जारी है, उन्हें विदेश यात्रा की अनुमति नहीं दी जाएगी, यदि निजी यात्रा का खर्च किसी निजी संस्था द्वारा वहन किया जा रहा है, तो यात्रा की मंजूरी नहीं होगी, एक्स-पोस्ट फैक्टो मंजूरी (यात्रा के बाद अनुमति) किसी भी परिस्थिति में नहीं दी जाएगी, बिना अनुमति विदेश जाने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी,विदेश प्रवास के दौरान बिना पूर्व स्वीकृति कोई अन्य कार्य करना या निर्धारित अवधि से अधिक रुकना प्रतिबंधित है, जिन पदों पर कार्यभार सौंपने की व्यवस्था है, वहाँ अधिकारी को विदेश जाने से पहले अपना कार्यभार वैकल्पिक अधिकारी को सौंपना होगा।

यदि कोई अधिकारी इन नियमों का उल्लंघन करता है, तो संबंधित विभाग हरियाणा सिविल सेवा (दंड एवं अपील) नियम, 2016 के तहत कार्रवाई कर सकता है। दिशा-निर्देशों की व्याख्या, संशोधन या परिवर्तन का अधिकार केवल वित्त विभाग (एफआर शाखा) के पास रहेगा। हरियाणा सरकार का उद्देश्य इन नए नियमों के माध्यम से विदेश यात्राओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करना है।

# मनीषा केस : सीबीआई ने मेडिकल रिपोर्ट्स खारिज कर हत्या माना




**समर न्यूज | भिवानी**

मनीषा मौत मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए सीबीआई अधिकारी मंगलवार शाम मनीषा के घर छठी बार पहुंचे। अधिकारियों ने मनीषा के पिता संजय को भरोसा दिलाया कि आरोपी चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, सच्चाई उजागर की जाएगी।

पिछले नौ दिनों में सीबीआई ने संजय से दो बार दो-दो घंटे लंबी पूछताछ की है। इस दौरान टीम ने पुराने सवाल दोहराए और कुछ नए भी पूछे। संजय ने बताया कि जांच अभी भी मनीषा के कॉलेज और उसके आसपास केंद्रित है।

सीबीआई ने एम्स, पीजीआई रोहतक और भिवानी सामान्य अस्पताल की मेडिकल रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है और स्पष्ट किया है कि मनीषा की मौत हत्या का मामला है। जल्द ही हत्यारों का पता लगाया जाएगा। संजय के अनुसार, पूछताछ के दौरान मनीषा की रोज़ाना स्कूल और कॉलेज बस की टाइमिंग, 11 अगस्त के आसपास उसके व्यवहार में बदलाव और शव मिलने के समय व परिस्थितियों जैसे सवाल पूछे गए। हालांकि नए सवालों की जानकारी संजय ने साझा नहीं की। उन्होंने बताया कि अधिकारियों से बातचीत के बाद उन्हें उम्मीद है कि सीबीआई मामले के बहुत करीब पहुंच चुकी है। संजय ने दोहराया कि मनीषा के साथ हुई घटना उसके शिक्षण संस्थानों से संबंधित हो सकती है और न्याय जल्द ही मिलेगा।

# अंबाला में लिव-इन पार्टनर ने की प्रेमिका की हत्या

**समर न्यूज | अंबाला**

महेश नगर थाना क्षेत्र के शिव शक्ति नगर में एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी अरुण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पर प्रिया नामक महिला की हत्या का आरोप है, जिसके साथ वह करीब आठ महीने से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था।

मामले की शुरुआत तब हुई जब प्रिया के भाई संदीप, निवासी सिरसा, ने पुलिस को शिकायत दी कि उसकी बहन की हत्या उसके साथी अरुण ने की है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और जांच शुरू की।

जांच में पता चला कि अरुण और प्रिया दोनों एक ही निजी कंपनी में काम करते थे, वहीं से दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। कुछ समय बाद दोनों ने साथ रहने का फैसला किया और शिव शक्ति नगर में किराए के मकान में रहने लगे। शुरुआत में अरुण की मां ने उनके रिश्ते को स्वीकार कर लिया था, लेकिन बाद में प्रिया और उसकी सास सुनीता के बीच लगातार विवाद होने लगे।

सूत्रों के अनुसार, पहले भी झगड़े के दौरान प्रिया ने सुनीता को धक्का दे दिया था, जिससे वह सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गई थीं। इसके बाद दोनों अलग घर में शिफ्ट हो गए थे। सोमवार सुबह अरुण ने प्रिया की हत्या कर दी और बाद में खुद ही फोन कर प्रिया के परिवार को झूठी कहानी सुनाई कि कुछ चोर घर में घुस आए थे और उन्होंने हत्या कर दी।

प्रिया के भाई संदीप ने बताया कि उसकी बहन की शादी 2009 में हुई थी, लेकिन पति के नशे की लत के कारण दोनों अलग हो गए थे। बाद में वह अरुण के संपर्क में आई और उसके साथ रहने लगी। संदीप ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ समय से अरुण और प्रिया के बीच झगड़े बढ़ गए थे और प्रिया अपने बच्चों के पास लौटना चाहती थी, लेकिन अरुण उसे ऐसा नहीं करने दे रहा था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की रचनात्मक ऊर्जा महत्वपूर्ण : राज्यपाल शुक्ल

**» राज्यपाल ने हिमाचल विश्वविद्यालय में आदर्श संयुक्त राष्ट्र और युवा संसद का उद्घाटन किया**

**समर न्यूज । शिमला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विधिक अध्ययन संस्थान में आयोजित मॉडल यूनाइटेड नेशन्स और युवा संसद के उद्घाटन सत्र में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि भारत एक युवा राष्ट्र है और युवाओं की सृजनशील शक्ति ही देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभा सकती है। यह कार्यक्रम विकसित भारत 2047 के अंतर्गत भारतीय युवा एवं खेल मंत्रालय और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।




राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे केवल भविष्य के लिए नहीं बल्कि वर्तमान में भी देश के विकास में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा कि युवाओं को वैचारिक संघर्ष में भाग लेना चाहिए और बल का प्रयोग केवल देश के निर्माण में करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि युवा हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत के प्रतिनिधि हैं और अपनी संस्कृति, सादगी और मानवीयता को आगे बढ़ाते रहेंगे।उन्होंने मॉडल यूनाइटेड नेशन्स को अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर सोचने और समाधान खोजने का मंच बताया। विज्ञान, तकनीक और वैश्वीकरण के नए युग में जलवायु परिवर्तन, बेरोज़गारी और सामाजिक असंतुलन जैसी चुनौतियों का सामना रचनात्मक सोच और ठोस कार्यनीति से ही किया जा सकता है।राज्यपाल ने युवाओं से विचारों की विविधता को अपनाने पर जोर दिया और कहा कि कानून में मिले अधिकारों के साथ कर्तव्य निभाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुझाए 'पंच संकल्प' को नए भारत के निर्माण में मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महावीर सिंह, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, शिमला की कुलपति प्रो. प्रीति सक्सेना, सह-कुलपति डॉ. राजिंदर वर्मा, विधि अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रो. शिव कुमार डोगरा और विकसित भारत के नोडल अधिकारी प्रो. नितिन व्यास भी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय के डीन, विभागाध्यक्ष, प्राचार्य, विद्यार्थी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

# गुवाड़ी पंचायत चुनाव आयोग की साइट का कारनामा

**» हारा उम्मीदवार बना विजेता, शिकायत के बाद जांच शुरू**

**मंजूर। समर न्यूज । चम्बा**

चंबा जिले के तीसा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुवाड़ी में हुए वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। उपप्रधान पद के लिए हुए चुनाव में हारने वाले उम्मीदवार को चुनाव आयोग की वेबसाइट पर विजेता दिखा दिया गया है, जबकि वास्तविक विजेता को हारा हुआ घोषित किया गया है। इस गड़बड़ी के खिलाफ उम्मीदवार महबूब मोहम्मद ने खंड विकास अधिकारी (BDO) तीसा को शिकायत पत्र सौंपते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।




महबूब मोहम्मद का कहना है कि 2021 में हुए चुनाव में उन्हें 230 वोट मिले थे जबकि उनके प्रतिद्वंदी को 243 वोट प्राप्त हुए थे। उस समय उन्हें 13 वोटों से हारने की जानकारी दी गई थी। लेकिन हाल ही में जब उन्होंने चुनाव आयोग की वेबसाइट चेक की, तो पाया कि साइट पर उन्हें विजेता दिखाया गया है और उनके प्रतिद्वंदी को 182 वोट मिले दर्शाए गए हैं। इस विसंगति पर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि, "यह कैसे संभव है कि साइट पर आंकड़े बदल गए हों। इसकी निष्पक्ष जांच होना बेहद जरूरी है।"

वहीं खंड विकास अधिकारी तीसा अरविंद कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि गुवाड़ी पंचायत चुनाव से संबंधित ऐसी शिकायत प्राप्त हुई है।"

मामले की पूरी तरह से जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एनआईटी हमीरपुर के छात्र आर्यन मित्तल को मिला 3.40 करोड़ रुपये का पैकेज.. यूके में करेंगे काम

**अरविंद। समर न्यूज़ । हमीरपुर**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया है। सत्र 2025-26 में संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (डुअल डिग्री) विभाग के छात्र आर्यन मित्तल को 3.40 करोड़ रुपये के वार्षिक पैकेज पर चयनित किया गया है। यह एनआईटी हमीरपुर के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा पैकेज है।



आर्यन मित्तल, जो शिमला जिला के रहने वाले हैं, को यह ऑफर एक अमेरिकी मूल की बहुराष्ट्रीय कंपनी से मिला है। वह इंग्लैंड (यूके) में सेवाएं देंगे। आर्यन ने इस सफलता का श्रेय अपनी मेहनत और एनआईटी हमीरपुर के उत्कृष्ट शिक्षण वातावरण को दिया।

आर्यन ने बताया, एनआईटी में पढ़ाई के दौरान मुझे जो मार्गदर्शन और समर्थन मिला, उसी की बदौलत यह संभव हो सका। पहले भी मुझे 4 करोड़ रुपये तक के ऑफर मिले थे, लेकिन इस बार यह सबसे उपयुक्त अवसर है। मैं अपने शिक्षकों और संस्थान का आभारी हूं।आर्यन के पिता स्टेशनरी के कारोबार से जुड़े हुए हैं। उनके परिवार और एनआईटी हमीरपुर कैंपस में इस सफलता से खुशी का माहौल है।

इसी सत्र में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की छात्रा मानसी जोशी (पिंजौर) को भी एक कंपनी से 1 करोड़ रुपये के सालाना पैकेज पर ऑफर मिला है।संस्थान के निदेशक डॉ. सूर्यवंशी और रजिस्ट्रार अर्चना ननोटी ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह एनआईटी हमीरपुर के लिए गर्व का क्षण है।

इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के एचओडी डॉ. अश्वनी राणा ने कहा यह सफलता पूरे विभाग और प्लेसमेंट टीम की मेहनत का परिणाम है। आर्यन ने अपनी लगन और समर्पण से एनआईटी का नाम ऊँचा किया है।

इस वर्ष टेस्ला, अमेज़न, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, जेपी मॉर्गन और सैमसंग जैसी नामी कंपनियों ने भी एनआईटी हमीरपुर के छात्रों में गहरी रुचि दिखाई है।

# कन्या स्कूल हमीरपुर में उपभोक्ता अधिकारों पर जागरूकता शिविर, छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारी

**समर न्यूज । हमीरपुर**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) हमीरपुर में गुरुवार को उपभोक्ता अधिकार जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपभोक्ता आयोग के न्यायाधीश हेमांशु मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

शिविर में छात्राओं को उपभोक्ताओं के अधिकार, उपभोक्ता संरक्षण कानून, और शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।न्यायाधीश हेमांशु मिश्रा ने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण संगठन हमीरपुर के आग्रह पर इस प्रकार के शिविर लगातार आयोजित किए जा रहे हैं ताकि युवाओं में उपभोक्ता अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस कड़ी में कन्या स्कूल हमीरपुर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि 50 लाख रुपये तक की खरीद से संबंधित विवादों की सुनवाई जिला उपभोक्ता आयोग में की जाती है, जबकि 2 करोड़ रुपये तक के मामलों की सुनवाई राज्य उपभोक्ता आयोग में होती है।शिविर के दौरान उपभोक्ता संरक्षण संगठन हमीरपुर के मुख्य संरक्षक सुशील शर्मा, प्रधानाचार्य पूनम चौहान और स्कूल के शिक्षक वर्ग भी उपस्थित रहे।

# वर्मा ज्वेलर्स की 'पहाड़ी कलेक्शन' प्रदर्शनी में झलकेगी परंपरा और आधुनिकता की चमक

**समर न्यूज । शिमला**



हिमाचली संस्कृति की झलक को आधुनिकता के रंगों में पिरोते हुए वर्मा ज्वेलर्स अपनी विशेष 'पहाड़ी कलेक्शन' प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है। यह प्रदर्शनी 16 से 19 अक्तूबर तक होटल हॉलीडे होम, शिमला में चलेगी, जिसमें पारंपरिक शिल्प और नए दौर के डिज़ाइनों का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक अक्षय वर्मा और उनकी पत्नी पल्लवी वर्मा ने बताया कि 'पहाड़ी कलेक्शन' को अब तक ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इस बार प्रदर्शनी में टेम्पल आर्ट, कुदन, जड़ाऊ, पोल्की और डायमंड ज्वेलरी के नए व आकर्षक डिज़ाइन पेश किए जा रहे हैं। ग्राहकों की सुविधा के लिए प्रदर्शनी में कराटोमीटर मशीन भी लगाई गई है, जिससे वे अपनी पुरानी ज्वेलरी की शुद्धता निःशुल्क जांच सकेंगे। अक्षय वर्मा ने कहा कि यह आयोजन केवल एक ज्वेलरी प्रदर्शनी नहीं, बल्कि हिमाचली परंपरा, कला और आधुनिकता के मेल का प्रतीक है।

# शिमला में पटाखों की बिक्री के लिए स्थान तय, अन्य जगह पूर्ण प्रतिबंध

**समर न्यूज । शिमला**

आगामी दिवाली पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन शिमला ने शहर और आसपास के क्षेत्रों में पटाखों की बिक्री को लेकर विशेष दिशानिर्देश जारी किए हैं। जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त शिमला ने आदेश जारी कर कहा है कि केवल निर्धारित स्थानों पर ही पटाखों की बिक्री की अनुमति होगी, जबकि अन्य सभी स्थानों पर यह पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।



आदेश के अनुसार जिन स्थानों पर पटाखों की बिक्री की अनुमति दी गई है, उनमें आइस-स्केटिंग रिंक शिमला, बालूगंज खेल मैदान (गोपाल मंदिर के सामने), संजौली में पीडब्ल्यूडी पार्किंग से आगे का क्षेत्र, खलीनी बाईपास पर त्रिलोक चंद शॉप के पास, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ग्राउंड समरहिल, छोटा शिमला से कसुम्पटी मार्ग पर खुली जगह, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फागली के पास मैदान, भट्टा कुफ्फार पंचायत ग्राउंड, सेक्टर-6 कंगनाधार न्यू शिमला के पास बस स्टैंड, विकास नगर पुलिस चौकी के पास, नई पार्किंग टुट्टू, और रानी ग्राउंड कुसुम्पटी शामिल हैं।

अधिकारी ने बताया कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए इन स्थलों के आसपास खड़े सभी वाहनों को हटाया जाएगा। नगर निगम शिमला और लोक निर्माण विभाग द्वारा स्टॉल लगाने की जिम्मेदारी निभाई जाएगी, जबकि अग्निशमन विभाग सभी स्थानों पर अग्निशमन प्रणाली उपलब्ध कराएगा।प्रशासन के अनुसार, यह आदेश 16 अक्तूबर से 21 अक्तूबर, 2025 तक प्रभावी रहेंगे।

# सीएम की 3% डीए वृद्धि की घोषणा कर्मचारियों के लिए दिवाली का तोहफा : सीएम मीडिया एडवाइजर

**संजू । समर न्यूज । शिमला**

मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) प्रदान करने की मुख्यमंत्री की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए दिवाली का बड़ा तोहफा है, जो मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और कर्मचारियों के हितों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



नरेश चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों की रफ्तार तेज हुई है और जनता को राहत पहुंचाने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है।विपक्ष पर निशाना साधते हुए चौहान ने कहा कि भाजपा आज पांच गुटों में बंटी हुई पार्टी बन चुकी है और उसके पास अब जनता से जुड़े कोई सार्थक मुद्दे नहीं बचे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की लोकप्रियता और सरकार की सफल नीतियों से भाजपा बौखलाई हुई है तथा अब उसका एकमात्र उद्देश्य सरकार को घेरने का प्रयास करना मात्र रह गया है।उन्होंने कहा कि जनता भली-भांति समझती है कि प्रदेश सरकार जनहित में काम कर रही है और आने वाले समय में सरकार के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सभी के सामने आएंगे।

# आईजीएमसी शिमला में जल्द शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी, मुख्यमंत्री सुक्खू ने दिए निर्देश

**समर न्यूज। शिमला**

राज्य में उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि एआईएमएस चमियाणा और टांडा मेडिकल कॉलेज के बाद अब आईजीएमसी शिमला में भी रोबोटिक सर्जरी सुविधा शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि आईजीएमसी में कमला नेहरू अस्पताल (केएनएच) की महिला रोगियों की रोबोटिक सर्जरी के लिए 40 बेड आरक्षित किए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि गाइनी विभाग में रोबोटिक सर्जरी जल्द शुरू की जाए, ताकि महिला रोगियों को अत्याधुनिक उपचार उपलब्ध हो सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि केएनएच के स्त्री रोग विशेषज्ञ आईजीएमसी में रोबोटिक के साथ-साथ इलेक्टिव सर्जरी भी करेंगे। इसके लिए तीन माह तक ट्रायल आधार पर सर्जरी की जाएगी, जिसके बाद समीक्षा कर आवश्यक बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 25 करोड़ रुपये की लागत से आईजीएमसी में एक आधुनिक डायग्नोस्टिक लैब स्थापित की जा रही है, जिससे केएनएच और आईजीएमसी दोनों संस्थानों के डॉक्टरों को जांच और उपचार में बड़ी सुविधा मिलेगी।बैठक में सचिव स्वास्थ्य एम. सुधा देवी, निदेशक स्वास्थ्य शिक्षा राकेश शर्मा और केएनएच के स्त्री रोग विशेषज्ञ मौजूद रहे।




# महिलाओं के सम्मान को लेकर आप का हल्ला बोले, भाजपा नेताओं के करीबियों पर कार्रवाई की मांग




**संजू । समर न्यूज । शिमला**

महिलाओं से दुराचार के मामलों को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा अपने नेताओं और उनके करीबियों को बचाने की कोशिश कर रही है। आप का कहना है कि जैसे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के भाई को गिरफ्तार किया गया था, उसी तरह पूर्व सांसद के बेटे को भी तुरंत हिरासत में लिया जाए। आम आदमी पार्टी ने पूछा है कि क्या भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल इस पूरे मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देंगे। आप नेताओं ने कहा कि भाजपा एक ओर "बेटी बचाओ" का नारा देती है, लेकिन जब मामला अपने लोगों का आता है तो खामोशी ओढ़ लेती है।पार्टी की राज्य संयोजक रीता ठाकुर ने कहा कि आम आदमी पार्टी पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि पीड़ित महिलाओं को पूरी सुरक्षा दी जाए ताकि वे बिना किसी डर के अपनी बात रख सकें।रीता ठाकुर ने चेतावनी दी कि अगर पीड़िताओं को न्याय नहीं मिला तो आम आदमी पार्टी पूरे राज्य में व्यापक आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान पर पार्टी किसी तरह का समझौता नहीं करेगी।

# मंदिरों के धन को लेकर सरकार नीयत खराब, हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत : जयराम ठाकुर

**» सरकार चलाने के बजाय धर्मार्थ कार्यों में ही खर्च हो मंदिरों का पैसा » सत्ता में आते ही सुख की सरकार की नज़र मंदिर की संपत्ति पर थी**

**» सनातन को लेकर मुख्यमंत्री बार-बार जाहिर कर चुके हैं अपनी सोच**

**समर न्यूज | शिमला**

शिमला से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मंदिरों की धनराशि पर सरकार की नज़र पहले से ही टेढ़ी थी और सरकार मंदिरों का पैसा हथियाने की हमेशा तरकीबें निकालता रहता था। कभी किसी योजना के नाम पर, कभी किसी और बहाने से सरकार मंदिरों का पैसा हथियाने का काम कर रही थी। सत्ता में आने के साथ ही सरकार की नज़र मंदिरों की संपत्तियों पर थी। भाजपा ने हमेशा मंदिर के पैसे जबरदस्ती लेकर सरकार चलाने का विरोध किया। हमने समय-समय पर सरकार की नीयत को लेकर आगाह भी किया था। उन्होंने कहा कि अब माननीय उच्च न्यायालय द्वारा मंदिर के पैसे सरकार चलाने के लिए ख़र्च करने पर रोक और मंदिर की सम्पतियों की देखरेख से संबंधित जो दिशा निर्देश दिए गए हैं, वह स्वागत योग्य हैं। इससे सरकार द्वारा मंदिरों से धनराशि वसूलने पर रोक लगेगी और मंदिरों का पैसा श्रद्धालुओं की सुविधा, गौ माता की सेवा और सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में ही लगेगा।

जयराम ठाकुर ने कहा कि हमने पहले ही इस मामले में सरकार की मंशा पर सवाल उठाए थे कि वह सरकार चलाने के लिए मंदिरों की सम्पत्ति हड़पना चाहती है। इसी वर्ष 29 जनवरी को सरकार द्वारा प्रदेश के सभी डीसी को पत्र लिखा गया था कि मंदिर अपने राजस्व से सरकार के खजाने में पैसा जमा करें उन पैसों का इस्तेमाल सुखाश्रय और सुख शिक्षा योजना के लिए होगा। यह सरकार की एक साजिश से ज्यादा कुछ नहीं थी। क्योंकि लोक कल्याण समिति की बैठक में यह सामने आया कि सरकार द्वारा सुखाश्रय के लिए आवंटित बजट का लगभग 88 करोड़ रुपए सरकरा द्वारा एफडी किया गया है।



जबकिलाभार्थियों को कोई बड़ी राहत सहायता मिल नहीं रही है। इस योजना के नाम पर जो कि सरकार की फ्लैगशिप स्कीम है जिसके लिए सरकार द्वारा कम से कम करोड़ों रुपये हर साल विज्ञापन पर खर्च किए गए उस योजना के लिए भी मंदिर से पैसा क्यों लिया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सबसे बड़ा सवाल सरकार की नीयत का है। मंदिरों से सरकार की वसूली की बात जब सामने आई तो सरकार सीधे मुकर गई। ब्रिटिश पार्लियामेंट द्वारा झूठे सर्टिफाइड मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और संबंधित विभाग के मंत्री ने साफ़-साफ़ कहा कि कोई पैसा नहीं लिया जा रहा है। जब सरकार द्वारा लिखी गई चिट्ठी सबके सामने आई तब भी उन्होंने झूट का सहारा लेना बंद नहीं किया। अगर सरकार पैसा ले रही है तो उसे स्वीकारने में समस्या क्या है? झूठ बोलने की नौबत तभी आती है ज़ब नीयत में खोट हो। मंदिर से पैसा वसूली करने वाली सरकार की मित्र मंडली और उसके प्रचार तंत्र ने हमारी सरकार द्वारा गोशाला के लिए मंदिरों के द्वारा दान देने पर प्रश्न उठाए। सनातन परंपरा के विरोधी कांग्रेस ने मंदिरों का पैसा गाय माता के लिए गौशाला बनाने का भी विरोध किया था। विधान सभा के बनाए कानून पर प्रश्न उठाया था। अब माननीय न्यायालय के गौसेवा और गौशाला के लिए मंदिरों की संपत्ति खर्च करने के दिशा निर्देश से गौसेवा पर उंगली उठाने वाले लोगों को भी साफ़ संदेश मिल गया है। अब व्यवस्था परिवर्तन वाली सुख की सरकार के मुखिया से हमारी अपेक्षा है कि वह मंदिरों की संपत्ति पर अपनी नज़रें गड़ाने से बचेंगे और मंदिर की आय का इस्तेमाल धर्माथ कार्यों पर ही खर्च करेंगे। जायरा ठाकुर ने कहा कि माननीय हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने मंदिरों की आय को देवता की संपत्ति बताया, सरकार के उपयोग पर रोक लगाई है। मंदिरों का यह चढ़ावा अब सिर्फ धार्मिक, शैक्षणिक और धर्मार्थ कार्यों में खर्च होगा। मंदिरों में चढ़ाया गया पैसा, देवता है कि और प्रदेश सरकार का इस पर कोई हक नहीं है। ट्रस्टी केवल सरंक्षक हैं। अब यह पैसा सिर्फ धर्म का प्रचार प्रसार मानवता और गौ सेवा में ही यह धनराशि खर्च की जा सकती है। साथ ही मंदिरों की आय और व्यय का ब्योरा परिसर में सार्वजनिक तौर पर लिखने के निर्देश दिए गए हैं।

# ढालपुर मैदान में पर्यटकों और स्थानीय लोगों की पसंद बनी लाहौल की जुराब और दस्ताने

**मनमिंदर अरोड़ा । समर न्यूज । कुल्लू**

जिला मुख्यालय ढालपुर मैदान में हाल ही में संपन्न अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में नाबार्ड ने किसान उत्पादक संगठनों के स्टॉल लगाए, जिनमें लाहौल-स्पीति जिले का स्टॉल भी शामिल था। यहाँ की पारंपरिक जुराब और दस्ताने लोगों में खासा लोकप्रिय रहे।

जीआई टैग मिलने के बाद लाहौल-स्पीति की जुराब और दस्तानों की मांग न सिर्फ देश के अन्य राज्यों में, बल्कि विदेशों में भी बढ़ रही है। इससे स्थानीय महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं।

नाबार्ड के माध्यम से लगाए गए स्टॉल में जुराब, दस्ताने, शॉल और टोपी उपलब्ध थे। अटल टनल के खुलने के बाद लाहौल घाटी पहुंचना आसान होने से पर्यटन भी बढ़ा है और पर्यटक ठंड से बचने के लिए इन उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैं।



ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूह के जरिए इन उत्पादों को बेच रही हैं, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ मिल रहा है।

लाहौल-स्पीति शीत मरुस्थल के लिए प्रसिद्ध है। अटल टनल बनने से पहले यहाँ पहुँचने के लिए रोहतांग दर्रा पार करना पड़ता था, जो सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण बंद हो जाता था।

ऐसे समय में हेलीकॉप्टर के जरिए ही आवागमन संभव था। ग्रामीण महिलाएं इस समय में जुराब और दस्ताने बुनकर पारंपरिक अवसरों जैसे फागली त्योहार, शादियों और अन्य समारोहों में आदान-प्रदान करती थीं। सेव संस्था की पहल से साल 2021 में इन जुराब और दस्तानों को जीआई टैग मिला। अब कई स्वयं सहायता समूह इन उत्पादों को बाजार में उपलब्ध करा रहे हैं।

ढालपुर में स्टॉल चला रहे कृष्ण कुमार नेगी का कहना है, "पहले लोग जुराबें अपने लिए ही बनाते थे, लेकिन अब सैलानियों में भी इसकी मांग बढ़ रही है।

जुराब की कीमत उसके धागे और डिज़ाइन पर निर्भर करती है। मध्यम वर्ग की जुराब 400-500 रुपये में मिलती है, जबकि अच्छी ऊन की जुराब 1000-1500 रुपये तक की होती है।

नाबार्ड के माध्यम से महिलाओं को सीधे अपने उत्पाद बेचने का अवसर मिल रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

# ट्रक ड्राइवर का फ़ोन छीनकर भागे लुटेरों का लोगों ने पीछा कर पकड़ा

## » जमकर की धुनाई, जेब से निकला कैश, मोबाइल और नशा

**अशवनी पाहवा, लुधियाना**

लुधियाना में गुरुवार को बिना नंबर की बाइक पर सवार दो लुटेरों की लोगों ने जमकर धुनाई कर दी। घटना ट्रांसपोर्ट नगर इलाके की है, जहां भीड़ ने दोनों लुटेरों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पिटाई के दौरान दोनों आरोपियों के पास से लूटा गया कैश, मोबाइल फोन और नशे के इंजेक्शन भी बरामद हुए। जिसे थाना मोती नगर की पुलिस को सौंप दिया गया।

जानकारी के अनुसार एक ट्रक ड्राइवर अपनी बाइक से कस्बे में किसी काम से आया था। इसी दौरान दो युवक बिना नंबर की बाइक पर आए और उसकी बाइक के आगे अपनी बाइक अड़ा दी। उन्होंने ड्राइवर को धमकाते हुए उसका मोबाइल फोन और जेब में रखे करीब 15 हजार रुपए छीन ली।

वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी शेरपुर चौकी की ओर भाग निकले। ड्राइवर ने हिम्मत दिखाते हुए दोनों का पीछा किया और शोर मचा दिया। जहा ट्रांसपोर्ट नगर में हल्ला सुनकर लोग इकट्ठा हो गए और भीड़ ने दोनों लुटेरों को पकड़ लिया।





जब लोगों ने आरोपियों से पूछताछ की तो वे वारदात कबूलने से इंकार करने लगे। इस पर भीड़ का गुस्सा भड़क गया और लोगों ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई के दौरान जब उनकी तलाशी ली गई, तो जेब से ड्राइवर का मोबाइल और लूटे हुए रुपए बरामद हो गए। इसके अलावा दोनों की जेब से नशे के इंजेक्शन भी मिले। शक है कि आरोपी नशे के प्रभाव में लूट की वारदात को अंजाम दे रहे थे। भीड़ के गुस्से को देखते हुए मौके पर पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया।

थाना मोती नगर के एसएचओ भूपिंदर सिंह ने बताया कि ट्रक ड्राइवर से लूट की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों ने लूट के आरोपियों को पकड़कर पीड़ित को उसका मोबाइल और रुपए वापस करवा दिए हैं। दोनों के पास से नशा करने वाले इंजेक्शन भी बरामद किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# एसी कंप्रेशर फटने से घर में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

## » आग की चपेट में आने से दो एक्टिवा, कार, डिलीवरी वैन और ऑटो जला
## » ऑटो में रखे 29 एलईडी टीवी भी जले

**अशवनी पाहवा/समर न्यूज | लुधियाना**

त्यौहारी सीजन को लेकर लगातार आग लगने के मामले सामने आ रहे है। रोजाना शहर में आग लगने की घटनाएं हो रही है। बुधवार देर रात भी ऐसा ही एक मामला सामने आया, जिसमें शिमलापुरी के इलाके इच्छा नगर में देर रात एक घर में लगी भीषण आग से हड़कंप मच गया। घटना रात करीब 11:30 बजे की है। आग इतनी तेज़ थी कि घर के अंदर खड़ी दो एक्टिवा, एक कार और एक ऑटो, जिसमें 29 एलईडी टीवी रखे हुए थे। सब कुछ जलकर राख हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन मकान और वाहनों सहित लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

इलाके के रहने वाले हरविंदर सिंह ने बताया कि आग उनके पड़ोसी के घर में लगी थी। उनका पड़ोसी डिलीवरी वैन चलाने का काम करता है और घर में अक्सर इलेक्ट्रॉनिक सामान रहता था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि एसी के कंप्रेशर में आई खराबी के कारण आग लगी, जो धीरे-धीरे पूरे घर में फैल गई। आग लगते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। उन्होंने पहले खुद घर की छत पर चढ़कर टंकी का पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें तेज होती चली गईं। हालात बेकाबू होते देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। जहा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पुहंच कर करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायरमैन विजय कुमार ने बताया कि उन्हें रात 11:38 बजे सूचना मिली थी। टीम तुरंत फायर टेंडर के साथ मौके पर पहुंची।उन्होंने बताया कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन वाहनों और घर का सामान पूरी तरह जल गया।





**आग की चपेट में आए घर में खड़े वाहन। आग लगने से ऑटो में रखे एलइडी टीवी जलते हुए**

वही इलाके के लोगों ने कहा कि अगर फायर ब्रिगेड कुछ देर और देर से पहुंचती, तो आग आसपास के घरों तक भी फैल सकती थी। फिलहाल पुलिस और फायर विभाग आग लगने के सटीक कारणों की जांच कर रहे हैं।

जिला फायर अफसर जसविंदर सिंह भंगू ने बताया कि हमें जैसे ही आग लगने की सूचना का पता चलता है, तो हमारी टीम तुरंत मूव करती है। त्योहारों के सीजन में आतिशबाजी से आग लगने के मामले ज्यादा सामने आते हैं। ऐसे में लोगों को भी चाहिए कि ज्वलनशील पदार्थ को खुले में ना रखें।

# मनीष सिसोदिया ने फ़ग़वाड़ा के भगवान विश्वकर्मा में माथा टेका

**समर न्यूज | लुधियाना**

मनीष सिसोदिया "आप" पंजाब के इंचार्ज, आदिल अहमद खान (एक्जीक्यूटिव सदस्य, आप दिल्ली) और लाल चंद्र कटारूचक (कैबिनेट मंत्री, पंजाब) ने फगवाड़ा के भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर, बंगा रोड पर पहुंचकर भगवान श्री विश्वकर्मा जी के चरणों में मत्था टेका। मंदिर समिति के प्रधान प्रदीप धीमान, उप-प्रधान गुरमुख सिंह नामधारी व सभी सदस्यों ने उनका स्वागत व सम्मान किया।

मनीष सिसोदिया ने मंदिर व श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल हॉस्पिटल ट्रस्ट द्वारा मानवता की भलाई के लिए चलाए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस मौके पर राज कुमार चबेवाल (सांसद, होशियारपुर), जोगिन्दर सिंह मान (पूर्व कैबिनेट मंत्री), हरनूर सिंह हरजी (मान हल्का इंचार्ज फगवाड़ा), जिला अध्यक्ष सरबजीत सिंह, मेयर रामपाल उप्पल, चेयरमैन जरनैल नंगल, डिप्टी मेयर विक्की सूद, गुरदीप दीप, सतीश जैन, एस.पी. माधवी शर्मा, डी.एस.पी. भारत भूषण और एस.डी.एम. फगवाड़ा जसंजीत सिंह उपस्थित थे।



इसके अलावा मंदिर समिति के संरक्षक जसपाल सिंह लाल, वरिष्ठ उप-प्रधान सुरिंदर पाल धीमान, गुरनाम सिंह जूतला, सुभाष धीमान, भूपिंदर सिंह जंडू, प्रशांत धीमान, विशाल भोजल, अमोलक सिंह झीता, नरिंदर सिंह भच्चू, अरुण रूपराए, सुखदेव सिंह लाल, तीरथ सिंह, रीतेप्रीत सिंह भंमरा, हरजीत सिंह भंमरा, प्रेमदीप चगर, देविंदर कुलथम, मलकीत सिंह रगबोत्रा, अशोक सेठी, परमजीत खुराना, महिंदर पाल जैन, कासिव रहमान, बलविंदर सिंह रत्न और अन्य भी विशेष रूप से शामिल हुए।

# सुविधा : छठ पूजा को लेकर रेलवे की तैयारियां मुकम्मल, वेटिंग एरिया, हेल्प व मेडिकल डेस्क बने

**अशवनी पाहवा/समर न्यूज, लुधियाना**

छठ पूजा को लेकर यूपी, बिहार जाने के लिए यात्रियों की अचानक बढ़ाने वाली संख्या को देखते हुए रेल ने अपनी तैयारियां मुकम्मल कर ली है। रेल अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पर अस्थाई वेटिंग एरिया बनाया है। जहां पर यात्रियों के बैठने और सोने का प्रबंध है तो वहीं पर रेल यात्रियों को समय-समय पर सूचना प्रदान करने के लिए हेल्प डेस्क भी बनाया गया है। यात्रियों को मेडिकल सुविधा प्रदान करने के लिए रेलवे स्टेशन पर एक मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया है जहां पर 24 घंटे सेहत सुविधा प्रदान करने के लिए डॉक्टर की टीम को तैनात भी किया जा चुका है। लुधियाना रेलवे स्टेशन के अनुभवी व ईमानदार स्टेशन डायरेक्टर, एसएस ( स्टेशन सुप्रीडेंटडेंट) व सीएमआई (कमर्शियल मैनेजिंग इंस्पेक्टर) को इन सब की सुपरविजन के आदेश भी रेल अधिकारियों ने जारी किए।







(1) रेलवे स्टेशन पर बनाया गया वेटिंग एरिया। (2) रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की जांच करते हुए मेडिकल टीम।

**70 से 80 फीसदी फुटफाल बढ़ने की उम्मीद** : रेल अधिकारियों के मुताबिक लुधियाना रेलवे स्टेशन पर त्योहारों के सीजन में 70 से 80 फीसदी फुटफाल बढ़ेगा। मौजूदा समय में तकरीबन 45 हजार यात्रियों का फुटफाल है। उन्होंने बताया कि छठ पूजा के दौरान यह फुटफाल 80 हजार से भी ज्यादा होने की संभावना है। ऐसे में यात्रियों की सुविधाओं के लिए कैंटीन में खाने पीने का सामान व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल को भी सतर्क है। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन पर पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है और लोगों के सामान भी स्कैन किया जा रहे हैं।

**स्टाफ की छुटियां रद्द तो अतिरिक्त टिकट काउंटर** : लुधियाना सहित फिरोजपुर मंडल के कई रेलवे स्टेशनों पर इन दिनों रेल कर्मचारियों की छुट्टियों को रद्द किया गया है। वहीं रेल यात्रियों को जनरल टिकट लेने के लिए लंबी कतारों में ना लगा पड़े इसके लिए टिकट काउंटर की संख्या भी बढ़ाई गई है। रेल अधिकारियों का मानना है कि पहले रोजाना 5 से 6 टिकट काउंटर चलते थे जिनको बढ़ाया गया है। रेलवे स्टेशन पर टिकट चेकिंग स्टाफ को भी तैनात किया गया है जिन से भी यात्री रेल संबंधी जानकारी हासिल कर सकते हैं।

# असिस्टेंट सिविल सर्जन ने किया पायल सीएचसी का निरीक्षण, सेवाओं की गुणवत्ता पर दिया जोर

**अशवनी पाहवा/समर न्यूज | लुधियाना**

असिस्टेंट सिविल सर्जन लुधियाना डॉ. विवेक कटारिया ने गुरुवार को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर पायल का दौरा किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में चल रही सेवाओं और सुविधाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की तथा मरीजों को मिलने वाली चिकित्सा सेवाओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. कटारिया ने ओपीडी, लैब, फार्मेसी और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) विंग सहित विभिन्न विभागों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता, समयबद्ध सेवाएँ और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत की तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने मरीज देखभाल, रिकार्ड रखरखाव, टीकाकरण कार्यक्रमों और निवारक स्वास्थ्य उपायों को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।





(1) मरीजो से बात करते असिस्टेंट सिविल सर्जन। (2) रिकॉर्ड चेक करते हुए असिस्टेंट सिविल सर्जन डॉक्टर कटारिया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. कटारिया ने मरीजों से भी सीधा संवाद किया और उनसे अस्पताल में मिलने वाली सेवाओं, स्टाफ के व्यवहार और संतुष्टि के स्तर के बारे में फीडबैक लिया। जहा अधिकतर मरीजों ने समय पर उपचार और सहयोगपूर्ण व्यवहार के लिए अस्पताल प्रशासन की सराहना की।

उन्होंने स्टाफ को मरीज-केंद्रित देखभाल को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और सेवा प्रदायगी की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के निर्देश दिए। डॉ. कटारिया ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य पायल व आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुलभ, भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है।

# राहगीरों से लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

**अशवनी पाहवा/समर न्यूज लुधियाना**

थाना सलेम टाबरी की पुलिस ने शहर में लूटपाट की वारदातों को अंजाम देने वाले एक सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस की ओर से चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत की गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों से 16 मोबाइल फोन, एक लोहे का दातर और तीन मोटरसाइकिलें बरामद की है।

मामले की जानकारी देते हुए एडीसीपी 1 समीर वर्मा ने बताया कि थाना सलेम टाबरी की टीम को लूट के एक मामले की जांच के दौरान अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसने अपने दो अन्य साथियों के नाम उजागर किए, जिन्हें बाद में दबिश देकर पकड़ा गया।

तीनों आरोपियों से पुलिस ने अलग अलग कंपनियों के कुल 16 मोबाइल फोन, एक लोहे का दातर और तीन मोटरसाइकिलें (स्प्लेंडर, प्लेटिना आदि) बरामद किये। प्राथमिक जांच में खुलासा हुआ है कि यह गिरोह लंबे समय से लुधियाना और आसपास के क्षेत्रों में राहगीरों से लूटपाट की वारदातों को अंजाम दे रहा था। आरोपियों के खिलाफ पहले भी अलग अलग थानों में लूट और चोरी से संबंधित तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरोह के सदस्य आमतौर पर सुनसान सड़कों या देर रात घर लौट रहे लोगों को निशाना बनाते थे।



**पकड़े गये आरोपियों के बारे में जानकारी देते हुए एडीसीपी 1 समीर वर्मा।**

पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है, ताकि उनके नेटवर्क और अन्य वारदातों में शामिल साथियों का भी पता लगाया जा सके। साथ ही, बरामद मोबाइल फोनों की पहचान कर उनके वास्तविक मालिकों तक उन्हें लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि शहर में अपराधों पर काबू पाने के लिए ऐसे संगठित गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# दाना मंडी जालंधर बाईपास में 70 साल पुराना पेड़ बिना परमिशन काटा गया, समय रहते रुका काम

**लक्की मेहता/समर न्यूज | लुधियाना**

जालंधर बाईपास स्थित दाना मंडी में उस समय हड़कंप मच गया जब किसी शरारती तत्व द्वारा बिना अनुमति के करीब 70 साल पुराना पेड़ काटा जा रहा था। जानकारी के अनुसार, मंडी के पूर्व प्रधान कमल गुम्बर और समाजसेवी जे.के. डावर को जैसे ही इस बात का पता चला, उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया और इसकी शिकायत मंडी के चेयरमैन गुरजीत सिंह गिल को दी।

सूत्रों के अनुसार, यह पेड़ मंडी परिसर में कई दशकों से खड़ा था और इलाके की हरियाली का प्रतीक माना जाता था। बिना किसी विभागीय अनुमति के पेड़ काटे जाने की जानकारी मिलते ही मंडी प्रशासन हरकत में आया। इस पर मंडी सचिव हरिंदर सिंह गिल ने स्पष्ट किया कि मंडी क्षेत्र में बिना अनुमति कोई भी व्यक्ति पेड़ नहीं काट सकता। उन्होंने कहा कि "जिसने भी यह काम किया है, उसके खिलाफ कार्रवाई तय है। कल संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया जाएगा।



**जालंधर बाईपास स्थित दाना मंडी में काटा गया पेड़।**

# दरेसी मैदान के पास खड़ी गाड़ियों में लगी आग, मचा हड़कंप

**अशवनी पाहवा/समर न्यूज | लुधियाना**

लुधियाना के दरेसी मैदान के पास वीरवार की बाद दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब मैदान के साथ सड़क किनारे खड़ी 2 गाड़ियों में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज़ थी कि कुछ ही मिनटों में एक कार जलकर नष्ट हो गई, वही दूसरी कार का भी आग की चपेट में आने से काफी नुकसान हुआ है। आग की लपटें देख लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी और बाकि की गाड़ियों को दूर हटाया गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि जिस जगह पर आग लगी है, वहां पर पहले से पेड़ के पतों को आग लगाई हुई थी। जिसके बाद किसी व्यक्ति ने अपनी स्विफ्ट कार वहां पर लगा दी। जिससे पतों में लगी आग से स्विफ्ट कार में आग लग गई, वही उसके पीछे खड़ी एक अन्य ब्रीजा कार भी आग की चपेट में आ गई। देखते ही देखते वाहनों से लपटें उठने लगीं और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास खड़े लोगों ने पहले खुद पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें बढ़ती गईं। जिसके बाद मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचीं। टीम ने करीब 25 से 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन गाड़ियां बुरी तरह जल गईं और लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।



पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## किसी से ना कहना

# फॉर्म मैं भरवा दूँ, विधायकों के सिग्नेचर का जुगाड़ कर दूँ

एक समय का चमकता हुआ नेता, जो महीने के बीस दिन फाइव स्टार होटलों की रोटी और ब्रोकोली की सलाद खाकर अपना लग्जरी लाइफ स्टाइल में जीता था। अचानक एक छोटे से साधारण से लालच के फंदे में फँस गया। अब वही दूसरे सूबे का नेता किसी और सूबे का हीरो बनने चला था और अब वो नेता नहीं रहा; वो बन गया एक ऐसे नाटक का नायक जिसे खुद ही लिखना भूल गया था।
किस्से-कहानियाँ बताती हैं कि किसी ने बड़े भोले-भाले अंदाज़ में आकर कहा - “भाई, तुम्हें ऊँची हाउस की कुर्सी चाहिए? फॉर्म मैं भरवा दूँ, विधायकों के सिग्नेचर का जुगाड़ कर दूँ, और हम दोनों मिलकर छोटा-सा कारोबार कर लेंगे।” चाल इतनी मीठी थी कि सुनते ही चश्मा चमक गया।
और हमारा नायक - जिसने कभी संभ्रांत स्टेज पर बड़े बड़े भाषण दिए थे - सोचाः “आखिर, चमक कहाँ गलत हो सकती है?” बस यही सोच उसकी सबसे बड़ी गलती बन गई। और उसकी इस हरकत का असर ये हुआ कि केंद्र और एक सूबे की सुरक्षा व्यवस्था एकदूसरे पर बंदूकें तान बैठे। माजरा बड़ी अदालत तलक जा पहुंचा।
अब पुलिस के पास यह पता लगाने का काम है कि जिसने कुंदन की चमक दिखाकर उसे चमकदार खरगोश बना दिया - असली जुगाड़ कौन था? वहाँ से पूछताछ के किस्से भी अप्रतिम हैंः बड़े-बड़े नेता, जिनकी शान पर महीनों पत्रकारों का पेड़ दे रखा था, अब पुलिस स्टेशन की चाय पर पिघलने लगते हैं। कोई दावा करता है कि दबाव में नेता सारा सच कह दे, कोई कहता है कि नेता उस कंबल से डरकर बात मान लेते हैं - किस्सा जितना तार्किक नहीं, उतना ही तमाशाई है।
हैरानी की बात यह है कि कभी बुद्धिमत्ता के झंडे गाड़नेवाले लोग भी लालच के मोह में अपने ही दाँत पीसते दिखे। राजनीति का यह मेले-पट्टी वाला बिज़नेस बड़े आराम से चलता रहा - तब तक जब तक किसी ने चमक-धमक की दुकान में नकली टॉप-हैट नहीं पहनाई और पैसे की सुई घूमने लगी।
आखिरकार, सीख यह हैः चाहे वादा कितना भी सुनहरा हो, हर चमकती चीज़ सोना नहीं होती - और कभी-कभी वही आदमी जिसे लोग ‘बुद्धिमान’ समझते हैं, सबसे पहले चमक-छल से फँस जाता है। पुलिस अब जाँच करेगी, असली ठगों का पर्दाफाश होगा और हम सब फिर से वही पुरानी बातें करेंगे - पर अगले चुनाव तक कोई नई चमक फिर से सबको लुभा लेगी।

# ठंड में सुबह जोड़ों का दर्द क्यों बढ़ जाता है?

## डॉक्टरों ने बताई 8 बड़ी वजहें



क्या आपने गौर किया है कि सर्दियों की सुबह उठते ही शरीर के जोड़ों में अकड़न और दर्द महसूस होता है? कुछ लोगों में यह हल्का होता है, तो कुछ के लिए बेहद परेशान करने वाला। ठंड के मौसम में जोड़ों का दर्द आम बात है, लेकिन इसके पीछे कई वैज्ञानिक और जीवनशैली से जुड़े कारण हैं।
सर्दियों में तापमान गिरने से रक्त वाहिकाएं (ब्लड वेसल्स) सिकुड़ जाती हैं, जिससे रक्त संचार कम हो जाता है। यही वजह है कि जोड़ों में दर्द और सूजन बढ़ जाती है। इसके साथ ही, ठंड में शारीरिक गतिविधियां घट जाती हैं और मूड में बदलाव आने से दर्द का एहसास और गहरा हो जाता है।
आर्थराइटिस (गठिया) के मरीजों के लिए यह मौसम और भी मुश्किल भरा साबित होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया में करीब 52.8 करोड़ लोग ऑस्टियोआर्थराइटिस और 1.76 करोड़ लोग रूमेटॉइड आर्थराइटिस से पीड़ित हैं। ऐसे लोगों में सर्दी बढ़ने पर जोड़ों की सूजन और दर्द कई गुना बढ़ जाता है, जिससे चलना-फिरना तक कठिन हो जाता है।

**सर्दियों में जोड़ों का दर्द क्यों बढ़ता है?**

ठंड बढ़ने पर मस्तिष्क शरीर को संदेश देता है कि जरूरी अंगों को गर्म रखना प्राथमिकता है। इस कारण शरीर ब्लड फ्लो को कोर ऑर्गन्स (दिल, फेफड़े आदि) की ओर मोड़ देता है।
परिणामस्वरूप हाथ-पैरों में रक्त प्रवाह घट जाता है, जिससे गर्माहट कम होती है और जोड़ों का फ्लूइड गाढ़ा होकर अकड़न पैदा करता है।
सर्द मौसम मूड पर भी असर डालता है - डिप्रेशन और एंग्जायटी बढ़ने से दर्द का एहसास ज्यादा महसूस होता है।

**दर्द और अकड़न से राहत पाने के आसान उपाय**

सुबह-सुबह या देर शाम ठंड के सीधे संपर्क से बचें।
शरीर को गर्म रखने के लिए ऊनी कपड़े और मोज़े-जूते जरूर पहनें।
रोजाना हल्की इनडोर एक्सरसाइज करें ताकि ब्लड फ्लो बना रहे।
पर्याप्त पानी पीते रहें, क्योंकि ठंड में डिहाइड्रेशन से भी जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है।
**तनाव कम करें** – मानसिक तनाव बढ़ने पर दर्द और बढ़ जाता है।
वजन नियंत्रित रखें, क्योंकि अधिक वजन जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव डालता है।
एंटी-इंफ्लेमेटरी डाइट अपनाएं
जोड़ों का दर्द कम करने के लिए ऐसी डाइट लें जो शरीर में सूजन को घटाए -
रंग-बिरंगे फल और सब्जियां (जैसे गाजर, पालक, ब्रॉकली, अमरूद, संतरा)।
साबुत अनाज जैसे जई, राई, बाजरा, क्विनोआ और ब्राउन राइस।
दालें, चना, राजमा, ब्लैक बीन्स।
जैतून का तेल, बादाम, अखरोट, चिया सीड्स और फ्लैक्स सीड्स।
मसालों में अदरक, हल्दी, लहसुन, इलायची, काली मिर्च और दालचीनी शामिल करें।
दही, पनीर और केला गट हेल्थ के लिए फायदेमंद हैं।
प्रोसेस्ड, रिफाइंड और ज्यादा मीठे खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
नींद और आदतों पर ध्यान दें
रोजाना कम से कम 7 घंटे की नींद लें। नींद की कमी इंफ्लेमेशन बढ़ा सकती है, जिससे दर्द ज्यादा महसूस होता है।
साथ ही, स्मोकिंग और अल्कोहल से दूरी बनाए रखें, क्योंकि ये जोड़ों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डालते हैं।
सर्दियों में जोड़ों का दर्द बढ़ना आम है, लेकिन थोड़ी सावधानी, सही खानपान और नियमित एक्सरसाइज से आप इसे काफी हद तक नियंत्रित कर सकते हैं। ठंड को अपने स्वास्थ्य पर हावी न होने दें शरीर को सक्रिय और गर्म रखें, ताकि आप सर्द मौसम का आनंद दर्द-मुक्त होकर उठा सकें।

# ग्लूटामाइन : शरीर को मजबूत रखने वाला जरूरी अमीनो एसिड

## मसल्स रिकवरी से लेकर इम्यून सिस्टम तक रखता है फिट, बिना डॉक्टर सलाह के सप्लीमेंट खतरनाक

स्वस्थ रहने के लिए हमारे शरीर को कई पोषक तत्वों की जरूरत होती है। इनमें से कुछ को हम अपनी डाइट के जरिए पाते हैं तो कुछ हमारा शरीर खुद ही प्रोड्यूस करता है। इन्हीं में से एक ग्लूटामाइन नामक अमीनो एसिड भी है। इसे शरीर खुद बनाता है। इसलिए हमें इसे अलग से लेने की जरूरत नहीं होती है। ग्लूटामाइन एक जरूरी अमीनो एसिड है, जो पाचन तंत्र, इम्यून सिस्टम और मसल्स को मजबूत बनाने में मदद करता है। एक रिव्यू रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लूटामाइन सप्लीमेंट मसल्स की रिकवरी और घावों को तेजी से ठीक करने में मदद कर सकता है।
इसलिए एथलीट्स, बॉडी बिल्डर या ज्यादा मेहनत करने वाले लोग ग्लूटामाइन सप्लीमेंट का सेवन करते हैं। इसके अलावा कुछ मेडिकल कंडीशन में भी इसकी जरूरत पड़ती है। हालांकि बिना डॉक्टर की सलाह से ग्लूटामाइन सप्लीमेंट का सेवन नुकसानदायक हो सकता है।
आज सेहतनामा में शरीर के लिए जरूरी इसी अमीनो एसिड ग्लूटामाइन के बारे में बात करेंगे। साथ ही जानेंगे कि-
**ग्लूटामाइन क्या है?**
**ये सेहत के लिए कितना फायदेमंद है?**

**ग्लूटामाइन क्या है?**

ग्लूटामाइन शरीर के अलग-अलग हिस्सों में नाइट्रोजन पहुंचाने में मदद करता है, जो प्रोटीन बनाने और सेल्स को ठीक से काम करने के लिए जरूरी है। पर्याप्त ग्लूटामाइन के बिना शरीर के कोई भी घाव जल्दी नहीं भरते हैं और मसल्स व हड्डियों में कमजोरी रहती है। ग्लूटामाइन की कमी से इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है, जिससे कई बीमारियां हो सकती हैं। कुल मिलाकर ग्लूटामाइन हमारी ओवरऑल हेल्थ के लिए बेहद जरूरी है।

**इन स्थितियों में शरीर को ज्यादा ग्लूटामाइन की होती जरूरत**

शरीर को कुछ विशेष स्थितियों में ग्लूटामाइन की अधिक जरूरत होती है। जैसे कि-
जब शरीर में चोट लगी हो या कोई सर्जरी हुई हो।
जब व्यक्ति किसी इन्फेक्शन या बीमारी से जूझ रहा हो।
जब कोई लंबे समय तक हैवी वर्कआउट करता है।
जब व्यक्ति तनाव से गुजर रहा होता है।
जब व्यक्ति का पाचन तंत्र खराब होता है।

**ग्लूटामाइन के फायदे**

ग्लूटामाइन शरीर के लिए बेहद फायदेमंद है। इसका सप्लीमेंट अक्सर उन लोगों को दिया जाता है, जो अस्पताल में भर्ती होते हैं, क्योंकि ग्लूटामाइन बीमारी के इलाज, इम्यूनिटी सिस्टम और रिकवरी को सपोर्ट करता है।
एक स्टडी के मुताबिक, ग्लूटामाइन कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है, जो हार्ट हेल्थ के लिए बेहद जरूरी है। इसके अलावा ये शरीर में ब्लड शुगर और इंफ्लेमेशन को भी नहीं बढ़ने देता है।
गंभीर चोट, जलन या इन्फेक्शन के समय शरीर जितना ग्लूटामाइन का प्रोडक्शन कर सकता है, उससे अधिक की जरूरत होती है। इस समय ग्लूटामाइन सप्लीमेंट इंफ्लेमेशन को कम और रिकवरी को तेज करके घाव भरने में मदद करता है।
कैंसर से पीड़ित लोगों में ग्लूटामाइन का लेवल कम होता है। ऐसे में इसका सप्लीमेंट हेल्दी सेल फंक्शन का सपोर्ट करके और इंफ्लेमेशन को कम करके कैंसर सेल्स को रोकने में मदद कर सकता है। हालांकि इसका प्रभाव कैंसर के प्रकार और स्टेज पर निर्भर होता है।
जर्नल ऑफ मेडिसिनल फूड में पब्लिश स्टडी के मुताबिक, ग्लूटामाइन इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है। इससे शरीर को इन्फेक्शन से लड़ने में मदद मिलती है। इसके अलावा ग्लूटामाइन इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम (IBS) और सिकल सेल डिजीज (SCD) के खतरे को कम करने में भी मददगार है।



**ऐसे फूड्स, जिनमें पाया जाता है ग्लूटामाइन**

ग्लूटामाइन कई फूड्स में पाया जाता है, खासकर प्लांट और एनिमल बेस्ड प्रोटीन में। इन फूड्स में पाया जाता है ग्लूटामाइन, मांस, मछली और अंडा, दूध और डेयरी प्रोडक्ट्स, टोफू, सोया बीन्स, सोया मिल्क, अलसी और सूरजमुखी के बीज, पत्ता गोभी, पालक, शिमला मिर्च, बादाम, मूंगफली, बीन्स, दाल और चने, ब्राउन राइस, गेहूं और जौ, भोर्स की मोहम्मद सहीद इंटस्नान मेडिसिन, अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, कानपूर है।

**बिना डॉक्टर की सलाह के न लें**

**ग्लूटामाइन सप्लीमेंट** : वैसे तो ग्लूटामाइन सप्लीमेंट मार्केट में आसानी से मिल जाते हैं। अधिकांश सप्लीमेंट को L-ग्लूटामाइन के रूप में लेबल किया जाता है। आप उन्हें पाउडर, कैप्सूल, टैबलेट या लिक्विड सहित कई फॉर्म में पा सकते हैं। ग्लूटामाइन कई प्रोटीन पाउडर सप्लीमेंट में भी पाया जाता है। लेकिन ध्यान रखें कि अधिकांश लोगों को ग्लूटामाइन सप्लीमेंट लेने की जरूरत नहीं होती है। हालांकि अगर आपको कोई पुरानी बीमारी है या आप ज्यादा फिजिकल एक्टिवविटी करते हैं तो इसका सेवन कर सकते हैं। ग्लूटामाइन सप्लीमेंट लेने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**क्या बहुत ज्यादा ग्लूटामाइन लेने के कोई साइड इफेक्ट हो सकते हैं?**

आमतौर पर सामान्य डाइट में ग्लूटामाइन लेना सुरक्षित होता है। हालांकि सप्लीमेंट के जरिए ज्यादा सेवन से गेस्ट्रोइंटेस्टाइनल प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इनमें पेट फूलना, मतली, चक्कर आना, सीने में जलन और पेट दर्द शामिल हैं। कुछ रेयर केसेस में पेशाब में ब्लड, स्किन के रंग में बदलाव, पीठ के निचले हिस्से में दर्द या दिल की धड़कन तेज होना शामिल हैं।

**शरीर में ग्लूटामाइन की कमी के क्या लक्षण हैं?**

ग्लूटामाइन की कमी से इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है, जिससे बार-बार इन्फेक्शन हो सकता है। इसके अलावा थकान और पाचन समस्याएं भी हो सकती हैं।

**क्या ग्लूटामाइन वजन घटाने में मदद करता है?**

ग्लूटामाइन सीधे वजन घटाने में मदद नहीं करता है। लेकिन यह मसल्स को फिट रखता है और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है, जो शरीर को हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है।

**क्या ग्लूटामाइन सप्लीमेंट लेना सुरक्षित है?**

ग्लूटामाइन सप्लीमेंट्स आमतौर पर सुरक्षित होते हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो किसी चोट, सर्जरी या बीमारी से गुजर रहे होते हैं। ग्लूटामाइन सप्लीमेंट की मात्रा प्रिस्क्रिप्शन के कारण और मरीज की स्थिति पर निर्भर करती है। एक अनुमान के अनुसार लोग प्रतिदिन डाइट में लगभग 3-6 ग्राम ग्लूटामाइन का सेवन करते हैं।

**किन लोगों को ज्यादा ग्लूटामाइन का सेवन करने से बचना चाहिए?**

सामान्य डाइट में ग्लूटामाइन किसी के लिए नुकसानदायक नहीं होता है। हालांकि लिवर और किडनी के मरीजों, गर्भवती और ब्रेस्टफीड कराने वाली महिलाओं, मेंटल हेल्थ प्रॉब्लम्स व एलर्जी से जूझ रहे लोगों को अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से बचना चाहिए।

# भारतीय टीम एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में जगह बनाने के करीब

समर न्यूज | बिश्केक



भारतीय अंडर-17 महिला टीम एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में योग्यता के आधार पर जगह बनाने वाली पहली टीम बनकर इतिहास रचने से बस एक जीत दूर है। भारतीय महिला टीम शुक्रवार को बिश्केक के डोलेन ओमुर्जाकोव स्टेडियम में ग्रुप जी के आखिरी क्वालीफाइंग मुकाबले में उज्बेकिस्तान से भिड़ेगी। इस मैच में जीत से भारतीय टीम की एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप 2026 में जगह पक्की हो जाएगी। इस मैच का सीधा प्रसारण किर्गिज स्पोर्ट टीवी के यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। कप्तान जुलान नोंगमाईथेम ने कहा कि यह वही मैच है जिसके लिए हम महीनों से मेहनत कर रहे थे। नोंगमाईथेम ने कहा, “किर्गिज गणराज्य के खिलाफ क्वालीफायर की शुरुआत मुश्किल रही, लेकिन आखिरकार जीत हासिल करके हम खुश हैं। इससे हमें आखिरी मैच से पहले अच्छी बढ़त मिली।”
भारत अपने बेहतर हेड-टू-हेड रिकॉर्ड के कारण तीन टीमों के ग्रुप में अभी भी शीर्ष पर है, और उज्बेकिस्तान के खिलाफ एक अंक हासिल करने से वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा और अगले साल चीन के खिलाफ होने वाले मैच के लिए अपनी जगह पक्की कर लेगा।
मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेडरसन ने कहा, “हम ठीक वैसा नहीं खेल पाए जैसा हम चाहते थे। मैच के ज्यादातर समय हम अपनी तैयारी के दौर में जूझते रहे। लेकिन दूसरे हाफ में, हमने फ्लैंक का ज्यादा प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया और कुछ अच्छे आक्रामक पल बनाए। हालांकि हमारा प्रदर्शन हमारी पूरी क्षमता को नहीं दर्शाता था, फिर भी हम तीन अंक हासिल करके खुश थे, जिसके हम हकदार थे।”
लगभग दो महीने पहले, एलेक्जेडरसन ने अंडर-20 टीम को एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई कराया था, जिससे 20 साल का इंतजार खत्म हुआ था। भारत ने आखिरी बार एएफसी अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में 2005 में खेला था, जब 11 टीमों ने सीधे तौर पर भाग लिया था। हालांकि, क्वालीफाइंग सिस्टम शुरू होने के बाद से, भारत कभी भी एशिया की शीर्ष टीमों में जगह नहीं बना पाया है, और न ही कभी इतने करीब पहुंच पाया है जितना अब है। एलेक्जेडरसन अच्छी तरह जानती हैं कि यह न सिर्फ अंडर-17 लड़कियों के लिए, बल्कि भारत में महिला फ़ुटबॉल के लिए भी बड़ा प्रोत्साहन हो सकता है, खासकर तब जब सीनियर टीम ने पहली बार 2026 एशियन कप के लिए योग्यता के आधार पर क्वालीफाई किया है।

# आप वास्तव में तभी असफल होते हैं', पर्थ में उतरने से पहले कोहली का सोशल मीडिया पोस्ट वायरल



समर न्यूज | नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम 3 और 5 टी20 मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुकी है। पहले वनडे सीरीज खेली जानी है। पहला वनडे 19 अक्टूबर को पर्थ में खेला जाएगा। वनडे सीरीज में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली हैं, जो लगभग छह महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलेंगे। पर्थ वनडे से पहले विराट कोहली का एक सोशल मीडिया पोस्ट वायरल हो रहा है। विराट कोहली ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, “आप वास्तव में तभी असफल होते हैं, जब आप हार मानने का निर्णय ले लेते हैं।” इस पोस्ट को एक घंटे के भीतर लाखों लोगों ने देखा और सैकड़ों प्रशंसकों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। विराट के फैंस ने पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा है कि हम आपके साथ हैं और 2027 तक आपको टीम इंडिया में खेलते हुए और विश्व कप की ट्रॉफी उठाते हुए देखना चाहते हैं। इसके अलावा कई तरह की मीम्स भी सामने आए हैं।
भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच 19 अक्टूबर को पर्थ स्टेडियम में, 23 अक्टूबर को दूसरा वनडे एडिलेड ओवल में और 25 अक्टूबर को तीसरा वनडे सिडनी में खेला जाएगा। वनडे सीरीज के बाद 29 अक्टूबर से पांच मैचों की टी20 सीरीज शुरू होगी, जिसमें कोहली नहीं होंगे। टी20 विश्व कप 2024 के बाद उन्होंने इस फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था।
इस साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद कोहली पहली बार राष्ट्रीय टीम के लिए वनडे में वापसी कर रहे हैं। टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने के बाद, कोहली का ध्यान अब पूरी तरह से वनडे क्रिकेट पर है। इस सीरीज में कोहली नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में खेलेंगे, जिन्हें वनडे टीम की कमान सौंपी गई है।

# नेपाल और ओमान ने टी20 विश्व कप 2026 में जगह बनाई

समर न्यूज | मस्कट

नेपाल और ओमान ने एशिया/पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफायर से आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में अपनी जगह बना ली है। यूएई की समोआ पर जीत के साथ ही नेपाल और ओमान की विश्व कप में जगह सुनिश्चित हो गई। ग्रुप चरण में अपराजित नेपाल ने सुपर सिक्स में दो अंक हासिल किए और यूएई और कतर के खिलाफ दो अंतिम गेंद वाले रोमांचक मुकाबले जीते। एक दिन बाद, रोहित पौडेल की टीम ने एक और शानदार प्रदर्शन किया। 148 रनों का बचाव करते हुए, नेपाल मुकाबले से बाहर लग रहा था क्योंकि कतर 12 ओवर में 97/1 पर पहुँच गया था, लेकिन संदीप लामिछाने के 5-18 के शानदार स्पेल ने कहानी पलट दी। लेग स्पिनर की धारदार गेंदबाजी ने कतर को 10 रनों से हरा दिया, जिससे नेपाल को एक यादगार जीत मिली और 2026 टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया।
ओमान ने नेपाल की निरंतरता को दोहराया, सुपर सिक्स चरण में भी दो अंक हासिल किए। उन्होंने कतर के खिलाफ 172 रनों का आराम से बचाव किया और फिर यूएई के खिलाफ एक कड़ा मुकाबला जीता।
इस बीच, समोआ पर शानदार जीत के बाद यूएई अंतिम क्वालीफिकेशन स्थान के लिए दावेदारी में बना हुआ है, जिससे उसे 16 अक्टूबर को जापान के खिलाफ एक अहम मुकाबले में जगह बनाने में मदद मिलेगी। अमीराती टीम फिलहाल तीसरे स्थान पर है, जबकि कतर के पास अभी भी एक मौका है। उसे समोआ को हराना होगा, अन्य परिणामों की उम्मीद करनी होगी, और नेट रन रेट के आधार पर प्रतियोगिता में आगे निकलना होगा।
ग्रुप चरण में पापुआ न्यू गिनी को हराने के बावजूद, समोआ लगातार हार के बाद बाहर हो गया है।



# रोहित शर्मा के निशाने पर शाहिद अफरीदी का रिकॉर्ड

समर न्यूज | नई दिल्ली



पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और अपने जमाने के विस्फोटक बल्लेबाज शाहिद अफरीदी, जो दुनिया भर में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे, अब भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के निशाने पर हैं। आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित के पास इतिहास रचने का सुनहरा मौका है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 19 से 25 अक्टूबर तक होने वाली तीन वनडे मैचों की सीरीज में रोहित सलामी बल्लेबाज के रूप में मैदान पर उतरेंगे। यदि वे इस सीरीज में 8 छक्के लगा देते हैं, तो वे शाहिद अफरीदी के लंबे समय से कायम रिकॉर्ड को तोड़कर वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। रोहित शर्मा ने अपने वनडे करियर में 273 मैचों की 265 पारियों में 11,168 रन बनाए हैं, जिसमें 264 रनों की शानदार पारी भी शामिल है। उनके नाम 32 शतक और 58 अर्धशतक हैं। रोहित ने 1,045 चौके और 344 छक्के जड़े हैं, जिसके साथ वे वर्तमान में वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में शाहिद अफरीदी के बाद दूसरे स्थान पर हैं। रोहित ने अपने करियर में तीन दोहरे शतक भी बनाए हैं, जो अपने आप में एक विश्व रिकॉर्ड है।
वहीं, पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने 398 वनडे मैचों की 369 पारियों में 8,064 रन बनाए। उनके खाते में 6 शतक, 39 अर्धशतक, 730 चौके और 351 छक्के दर्ज हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित का बल्ला चला तो पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर का यह रिकॉर्ड ध्वस्त हो सकता है। भारतीय फैंस भी चाहेंगे कि रोहित इस दौरे पर पाकिस्तानी क्रिकेटर का रिकॉर्ड ध्वस्त कर शीर्ष पर पहुंचे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह वनडे सीरीज 19 अक्टूबर को पर्थ स्टेडियम में पहले मैच के साथ शुरू होगी।
इसके बाद 23 अक्टूबर को एडिलेड ओवल में दूसरा और 25 अक्टूबर को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में तीसरा और अंतिम वनडे खेला जाएगा। इस बार भारतीय टीम नए वनडे कप्तान शुभमन गिल के युवा नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उतरेगी। गिल, जो अब तक टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे थे, अब वनडे टीम की कमान भी संभालेंगे। रोहित शर्मा और विराट कोहली की करीब छह महीने बाद वनडे टीम में वापसी से भारतीय टीम को मजबूती मिली है। इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी से टीम का संतुलन और आत्मविश्वास बढ़ा है।

# एम.के. भाटिया ने तीसरे साल भी सहयोगियों को बांटी कारें



**समर न्यूज | चंडीगढ़**

हर साल कुछ अनोखा करने वाले समाजसेवी और एंटरप्रेन्योर एम.के. भाटिया इस बार फिर सुर्खियों में हैं। दिवाली से पहले उनकी कार गिफ्टिंग रीलें सोशल मीडिया पर जबरदस्त वायरल हो रही हैं। भाटिया ने लगातार तीसरे वर्ष अपने सहयोगियों और सेलेब्रिटी साथियों को लग्जरी कारें उपहार में दीं, जिससे वे एक बार फिर चर्चा के केंद्र बन गए हैं। इस साल भाटिया ने कुल मिलाकर 51कारों की हाफ सेंचुरी पूरी की। चमचमाती नई कारों की चाबियां पाकर उनके सहयोगियों के चेहरे खिल उठे। गिफ्ट वितरण के बाद सहयोगियों ने शोरूम से मिट्स हाउस तक "कार गिफ्ट रैली" भी निकाली, जिसने शहर का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। लोगों के मन में उठे सवाल - "आखिर कोई हर साल इतनी महंगी कारें क्यों बांटता है?" - का जवाब खुद एम.के. भाटिया ने प्रेस से बातचीत में दिया। उन्होंने कहा, "मेरे सहयोगी ही मेरी फार्मा कंपनियों की बैकबोन हैं। उनकी मेहनत, ईमानदारी और समर्पण ही हमारी सफलता की नींव है। उन्हें सम्मानित करना और प्रोत्साहित करना मेरा उद्देश्य है ताकि वे हमेशा मोटिवेटेड रहें और कंपनी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं।" भाटिया ने कहा कि गिफ्ट देने का मकसद दिखावा नहीं, बल्कि टीम स्पिरिट और पारिवारिक जुड़ाव को मजबूत करना है। उनके मुताबिक, "जब टीम खुश होती है, तो कंपनी खुद-ब-खुद आगे बढ़ती है।"
सोशल मीडिया पर उनकी रीलें और तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। यूजर्स जहां उनके इस कदम की सराहना कर रहे हैं, वहीं कई लोग इसे कॉर्पोरेट कल्चर में मोटिवेशन की मिसाल बता रहे हैं।

# डी.सी कोमल मित्तल ने मोहाली के सरकारी नशा मुक्ति केंद्र में इलाज करा रहे युवाओं को मिठाइयाँ और कंबल वितरित किए

**परदीप सिंह हैप्पी/ समर न्यूज | मोहाली**




उपायुक्त कोमल मित्तल ने आज त्योहारों के अवसर पर मोहाली के सेक्टर 66 स्थित सरकारी नशा मुक्ति केंद्र का दौरा किया, जहाँ उन्होंने नशे की लत का इलाज करा रहे युवाओं को मिठाइयों के डिब्बे और कंबल वितरित किए। अपने दौरे के दौरान, उपायुक्त ने केंद्र के मरीज़ों द्वारा बनाए गए दीयों (मिट्टी के दीये) के स्टॉल का भी निरीक्षण किया। उनके प्रयासों की सराहना करते हुए, उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ आत्मविश्वास बढ़ाने और कौशल विकास एवं पुनर्वास का अवसर प्रदान करती हैं। नशे का इलाज करा रहे मरीज़ों से बातचीत करते हुए, कोमल मित्तल ने उन्हें एक नई शुरुआत करने और ज़िम्मेदार व आत्मनिर्भर व्यक्ति के रूप में अपने परिवारों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि ज़िला प्रशासन, गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से, उपचाराधीन युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है ताकि वे अपनी आजीविका कमा सकें और केंद्र से छुट्टी के बाद समाज की मुख्यधारा में सफलतापूर्वक शामिल हो सकें। उपायुक्त के साथ अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास) सोनम चौधरी, सचिव, ज़िला रेडक्रॉस सोसाइटी, एसएएस नगर, हरबंस सिंह, नशा मुक्ति केंद्र से डॉ. पूजा गर्ग और अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के तीन गाँवों के 50 बाढ़ प्रभावित लोगों को 21.50 लाख रुपये का मुआवज़ा वितरित किया

**परदीप सिंह हैप्पी, समर न्यूज | मोहाली**



कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी के पंजाब अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने आज डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के सरसिनी, सीतापुर और मुबारिकपुर गाँवों के लगभग 50 बाढ़ प्रभावित लोगों को सरसिनी स्थित पंचायत घर में 21.50 लाख रुपये के मुआवज़े के स्वीकृति पत्र सौंपे। इसके साथ ही डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में आज से लगभग 4.50 करोड़ रुपये के मुआवज़े का वितरण शुरू हो गया है।
श्री अमन अरोड़ा ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि पंजाब में पहली बार मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा प्रति एकड़ नुकसान का मुआवजा बढ़ाकर 20,000 रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार लोगों के दुख-दर्द को समझती है और इसीलिए दिवाली के त्यौहार को देखते हुए समयबद्ध मुआवज़ा वितरण शुरू किया गया है। यह वितरण मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा अजनाला से तीन दिन पहले शुरू किया गया था, जिसे आज पुनर्वास मिशन के अगले चरण के रूप में पंजाब में विभिन्न स्थानों पर 13 मंत्रियों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह भी पहली बार है कि किसी सरकार ने 30 दिनों के भीतर मुआवज़ा वितरण शुरू किया है।
उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों, विशेषकर सीमावर्ती जिलों के लोगों को इस बार 1988 की तुलना में अधिक खतरनाक बाढ़ का सामना करना पड़ा है, लेकिन पंजाब के बहादुर और उत्साही लोगों ने इस विकट स्थिति का डटकर सामना किया है। उन्होंने कहा कि न केवल सरकार बल्कि पूरे जिला प्रशासन और पुलिस के साथ-साथ आम लोगों, विभिन्न संगठनों और गैर सरकारी संगठनों ने बचाव कार्यों में अपना पूरा सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा जनता के साथ खड़ी रही है और भविष्य में भी जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगी। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद है कि देश के खाद्य भंडारों को भरने वाले और सीमाओं की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पंजाब के बाढ़ प्रभावित लोगों को इस मुश्किल घड़ी में केंद्र से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। उल्टे, 1600 करोड़ रुपये की मामूली घोषणा में से 805 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि का दावा इसलिए गलत था क्योंकि यह राशि पहले से ही प्राकृतिक आपदाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना और राष्ट्रीय राजमार्गों जैसे विभिन्न फंडों के रूप में पड़ी थी। उन्होंने कहा कि भगवंत सिंह मान सरकार पंजाब को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए पूरी कोशिश कर रही है और इस मुश्किल घड़ी में जनता के साथ खड़ी है। डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान और मंत्री श्री अमन अरोड़ा का धन्यवाद किया और कहा कि पंजाब की पहली सरकार है जिसने लोगों से किए गए वादे के अनुसार 30 दिनों के भीतर बड़े पैमाने पर बाढ़ मुआवजे का वितरण शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि यह मुआवजा राशि पंजाब के उन पीड़ितों के ज़ख्मों पर मरहम का काम करेगी, जिन्हें बाढ़ के बाद अपना भविष्य अंधकारमय लगने लगा था। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मुआवजा वितरण की शुरुआत इस बात का भी प्रतीक है कि पंजाब सरकार लोगों के साथ खड़ी है। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर श्रीमती कोमल मित्तल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देश पर साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर ज़िले में बाढ़ प्रभावित लोगों के बैंक खातों में आज से सीधे बाढ़ राहत राशि इन स्वीकृति पत्रों के साथ भेजनी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अगर किसी बाढ़ पीड़ित को कोई समस्या आती है, तो वह अपने नज़दीकी पटवारी, क़ानूनगो, तहसीलदार, एसडीएम या डीसी कार्यालय में उनसे संपर्क कर सकता है। उन्होंने कहा कि ज़िला प्रशासन द्वारा मुआवजे का वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है और प्रत्येक प्रभावित परिवार को उसका बनता हक़ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।
इस अवसर पर एसडीएम डेराबस्सी अमित गुप्ता, तहसीलदार सुमित सिंह ढिल्लों, डीएसपी विक्रमजीत सिंह बराड़, क्षेत्र के पंच-सरपंच और गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सिविल सर्जन ने डेंगू विरोधी जाँच और तेज़ करने के दिए निर्देश

**परदीप सिंह हैप्पी/ समर न्यूज | मोहाली**

सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन ने आज अपने कार्यालय में ज़िला कार्यक्रम अधिकारियों और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों के साथ मासिक बैठक कर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य संबंधित बीमारियों की रोकथाम पर विशेष ज़ोर देते हुए, सिविल सर्जन ने सभी अधिकारियों को इन बीमारियों के लक्षणों, कारणों, बचाव और उपचार के बारे में लोगों को और अधिक जागरूक करने और घर-घर जाकर जाँच अभियान को और तेज़ करने को कहा। उन्होंने कहा कि हालाँकि इस बार ज़िले में डेंगू के मामलों की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में बहुत कम है, फिर भी सतर्कता बेहद ज़रूरी है। गौरतलब है कि पिछले दिनों आयोजित सिविल सर्जन कॉन्फ्रेंस में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने जिले में डेंगू की रोकथाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डॉ. संगीता जैन को सम्मानित किया था। डॉ. जैन ने इस सम्मान के लिए अधिकारियों सहित पूरे स्टाफ की सराहना की और उन्हें और अधिक मेहनत व लगन से काम करने के लिए प्रेरित भी किया। सिविल सर्जन ने दोहराया कि पंजाब सरकार की नीति के अनुसार, डॉक्टर द्वारा लिखी गई हर दवा मरीज को सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में ही उपलब्ध होनी चाहिए और इस नीति का हर हाल में पालन किया जाना चाहिए। अगर कोई दवा किसी निजी दुकान पर उपलब्ध है, तो संस्थान के प्रमुख को वह दवा खरीदकर मरीज को देनी चाहिए, जिसके लिए सरकार ने नियमित रूप से धनराशि जारी की है। जिले में 'आम आदमी क्लीनिकों' में मरीजों की आमद और दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए सिविल सर्जन ने अधिकारियों से कहा कि इन केंद्रों में आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों में इन केंद्रों के प्रति काफी उत्साह है और वे अधिक से अधिक संख्या में जांच व इलाज के लिए आ रहे हैं। उन्होंने पुनः निर्देश दिए कि अस्पतालों में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्ण पावर बैकअप भी आवश्यक है। डॉ. संगीता जैन ने अधिकारियों से कहा कि किसी भी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में लोगों को जांच व उपचार के मामले में कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए और जहाँ कहीं भी कोई कमी है, उसे तुरंत दूर किया जाए।



**बैठक को संबोधित करती सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन व उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारी।**

# नशे के विरुद्ध युद्ध और जिला स्तरीय नशा मुक्त भारत अभियान में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया

**परदीप सिंह हैप्पी/ समर न्यूज | मोहाली**





पंजाब सरकार के नशे के विरुद्ध युद्ध अभियान और जिला स्तरीय नशा मुक्त भारत अभियान 2025 के अंतर्गत, पंजाब सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग ने आज जिला सामाजिक सुरक्षा कार्यालय के सहयोग से लॉरेंस पब्लिक स्कूल सेक्टर-51, मोहाली में आयोजित निबंध प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता, गिद्दा प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और नारा लेखन प्रतियोगिता में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।
जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी) डॉ. गिन्नी दुग्गल और उप जिला शिक्षा अधिकारी सेकेंडरी अंग्रेज सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि इन प्रतियोगिताओं में जिले के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया है, जिसमें स्कूल ऑफ एमिनेंस मुल्लांपुर, माता साहिब कौर पब्लिक सुकल सवारा, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल जड़ोत, सरकारी कन्या स्मार्ट स्कूल सोहाना, स्कूल ऑफ एमिनेंस 3बी-1, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल गीगमाजरा सहित जिले के विभिन्न स्कूलों के 380 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए गए नशे के विरुद्ध युद्ध अभियान के तहत विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना था ताकि वे इस अभियान से जुड़ सकें और अपने आसपास के वातावरण में नशे के खिलाफ लामबंद हो सकें।
डॉ. गिन्नी दुग्गल ने बताया कि यह कार्यक्रम पहले ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया गया था, पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया गया था। इसी श्रृंखला के अंतर्गत, निबंध प्रतियोगिता में माता साहिब कौर पब्लिक स्कूल सवारा की छात्रा सुकरमन कौर ने प्रथम स्थान, एस.एस.एस.एस., मुधो संगतिया के छात्र हरकरण सिंह ने द्वितीय स्थान और एस.एस.एस., कुरडी की छात्रा हरमनजोत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
चित्रकला प्रतियोगिता में कुल 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से माता साहिब कौर पब्लिक स्कूल सवारा की छात्रा जसकिरनदीप कौर ने प्रथम स्थान, स्कूल ऑफ एमिनेंस 3बी-1 के छात्र लव ने द्वितीय स्थान और एस.एच.एस. रडियाला के छात्र कुश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
नारा लेखन प्रतियोगिता में 17 स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें एस.एस.एस., लोहगढ़ के छात्र हरमन ने प्रथम स्थान, एस.एच.एस. लांडरां की छात्रा मुस्कान ने द्वितीय स्थान और माता साहिब कौर पब्लिक स्कूल सवारा की छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में 21 स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें स्कूल ऑफ एमिनेंस मुल्लांपुर के छात्र प्रभजोत सिंह ने प्रथम स्थान, पब्लिक स्कूल सवारा की छात्रा माता साहिब कौर ने द्वितीय स्थान तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जड़ोत की छात्रा रितिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
अंत में स्कूली छात्राओं ने नशा मुक्त पंजाब के अंतर्गत पंजाब में नशे को जड़ से खत्म करने पर जोर देते हुए पंजाब का लोक नृत्य गिद्दा प्रस्तुत किया तथा जागरूकता भाषणों के साथ गिद्दा प्रस्तुत कर युवा पीढ़ी को नशा छोड़ने का संदेश दिया। गिद्दा में स्कूलों की कुल 10 टीमों ने भाग लिया, जिसमें एस.के.एस.एस.एस. सोहाना की टीम ने प्रथम स्थान, स्कूल ऑफ एमिनेंस, 3बी-1 की टीम ने द्वितीय स्थान तथा एस.एस.एस., गीगे माजरा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक डॉ. गिन्नी दुग्गल ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।
इस अवसर पर उप जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक अंग्रेज सिंह, लॉरेंस पब्लिक स्कूल मोहाली की प्रिंसिपल वंदना गुप्ता, निर्णायक दल में पवितर कौर, कंवलजीत कौर, मनदीप कौर, नेहा, अजय कुमार शर्मा, शिल्पी, संदीप कौर, अमनदीप कौर, राज रानी, रितु शर्मा सहित विभिन्न स्कूलों के अध्यापकगण उपस्थित थे।

# विधायक के प्रयासों से 76 से 80 के प्लाटधारकों को मिली राहत

**परदीप सिंह हैप्पी/ समर न्यूज | मोहाली**



विधायक कुलवंत सिंह के निरंतर प्रयासों के बाद मोहाली के सेक्टर 76 से 80 के प्लॉटधारकों को बड़ी राहत मिली है। गमाडा ने प्लॉटों की एन्हांसमेंट राशि 3164 रुपये प्रति वर्ग मीटर से घटाकर 2325 रुपये प्रति वर्ग मीटर कर दी है। इस तरह प्लॉटधारकों को 839 रुपये प्रति वर्ग मीटर की सीधी राहत मिली है, जिससे लगभग 10 हज़ार प्लॉटधारकों को लाभ होगा। यह राहत विधायक कुलवंत सिंह द्वारा प्रदान की जाएगी। यह उनके निरंतर प्रयासों से संभव हुआ है, जो पिछले चार वर्षों से गमाडा अधिकारियों और सरकार के स्तर पर इस मुद्दे को उठा रहे हैं।
एन्हांसमेंट विरोधी समिति और प्रभावित क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने आज विधायक कुलवंत सिंह से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की जिसमें उन्होंने लोगों को इस महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी दी। कुलवंत सिंह ने बताया कि वर्ष 2013 में प्लॉटों की कीमत में वृद्धि की राशि 700 से 850 रुपये प्रति वर्ग मीटर के बीच थी, लेकिन पिछली सरकारों ने राजनीतिक कारणों से इस मामले को लटकाया, जिसके कारण यह राशि बढ़कर 3164 रुपये प्रति वर्ग मीटर हो गई। गमाडा द्वारा ऊंची दरों पर जारी किए गए डिमांड नोटिसों के कारण प्लॉट धारकों में भारी रोष था।
इस समस्या के समाधान के लिए एन्हांसमेंट विरोधी समिति का गठन किया गया, जिसने विधायक कुलवंत सिंह को इच्छुक प्लॉट धारकों की समस्या से अवगत कराया। विधायक ने उस समय आश्वासन दिया था कि राशि पूरी तरह से माफ नहीं की जा सकती, क्योंकि गमाडा को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार बढ़ी हुई राशि ज़मीन मालिकों को देनी है, लेकिन इसमें बड़ी कमी ज़रूर मिलेगी। आज उनके प्रयासों का परिणाम लोगों के सामने है।
उन्होंने कहा कि गमाडा के अनुसार, यदि किसी प्लाट धारक ने बढ़ी हुई राशि से अधिक भुगतान कर दिया है, तो उसे अतिरिक्त भुगतान की गई राशि वापस कर दी जाएगी और जल्द ही नए नोटिस जारी किए जाएँगे।
इस अवसर पर, सेक्टर 76-80 में भू-वृद्धि विरोधी समिति के संयोजक सुखदेव सिंह पटवारी, राजीव वशिष्ठ, जरनैल सिंह, चरणजीत कौर दियोल, मेजर सिंह, सुखचैन सिंह और सेक्टरों के अन्य निवासी उपस्थित थे।
निवासियों और समिति के सदस्यों ने विधायक कुलवंत सिंह का उनके निरंतर प्रयासों और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद किया, जिसके कारण सेक्टर 76 से 80 के हजारों परिवारों को लंबे समय से प्रतीक्षित राहत मिली है।

